# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार
04 अप्रैल 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 35 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


आज रखा जाने छठा व्रत

## कात्यायनी



माँ दुर्गा के छठवें स्वरूप का नाम कात्यायनी है। जब महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बहुत बढ़ गया तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए इन्हें उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की। इसी कारण यह कात्यायनी कहलायीं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिन्दी यमुना के तट पर की थी।

इनका स्वरूप अत्यंत भव्य और दिव्य है। इनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला है। परिपूर्ण आत्मदान से भक्ति करने पर भक्त को सहज भाव से माँ कात्यायनी के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी बोले, भारत-थाईलैंड सांस्कृतिक और आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं, बढ़ाएंगे रणनीतिक साझेदारी

बैंकॉक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इसके बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं। हमने दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के बीच सदियों पुराने संबंध हैं। ये संबंध हमारी गहरी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं। हमने भारत-थाईलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है।

पीएम मोदी ने बृहस्पतिवार को थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। जिसके बाद उन्होंने शिनावात्रा के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और थाईलैंड के बीच पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग पर जोर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और इंडो-पैसिफिक विजन में थाईलैंड का विशेष स्थान है।



**डाक टिकट जारी करने के लिए थाई सरकार का आभारी हूं: पीएम मोदी**

पीएम मोदी की यात्रा के दौरान थाई सरकार ने 18वीं सदी के 'रामायण' भित्ति चित्रों पर आधारित डाक टिकट जारी किए, जिसके लिए पीएम मोदी ने थाई सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरी यात्रा के दौरान डाक टिकट जारी करने के लिए मैं थाई सरकार का आभारी हूं।

**भूकंप में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की**-इसके अलावा, पीएम मोदी ने 28 मार्च को थाईलैंड में आए भूकंप में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। पीएम मोदी ने कहा कि मैं भारत के लोगों की तरफ से भूकंप में हुई जनहानि के लिए गहरी संवेदना प्रकट करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

**दिलों और परंपराओं को जोड़ती है रामायणः मोदी**-प्रधानमंत्री मोदी 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर बैंकॉक पहुंचे। जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने रामकियेन (थाई रामायण) का मनमोहक प्रदर्शन देखा। शेष पेज 2 पर

## सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर बैन हटाने से किया इनकार



नई दिल्ली । सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध में ढील देने से इनकार कर दिया और कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से चिंताजनक बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि लंबे समय से यहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइंया की बेंच ने कहा कि सड़कों पर काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रदूषण से प्रभावित होते हैं।

शेष पेज 2 पर

## 'मुसलमानों के लिए भाजपा की चिंता देखकर जिन्ना को भी शर्म आ जाएगी', उद्धव ठाकरे का सरकार पर तंज




मुब्रई। ठाकरे ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों द्वारा मुसलमानों के प्रति दिखाई गई चिंता मुहम्मद अली जिन्ना को शर्मिंदा कर देगी। यह एक संयोग है कि किरेन रिजिजू, जिन्होंने कभी गौमांस खाने का समर्थन किया था, ने वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि संसद में वक्फ बिल पर अपने भाषणों के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा सांसदों द्वारा मुसलमानों के बारे में दिखाई गई चिंता पाकिस्तान के संस्थापक मुहम्मद अली जिन्ना को शर्मिंदा कर देगी। भाजपा पर बेबाक हमला करते हुए ठाकरे ने कहा कि तीसरा कार्यकाल हासिल करने के बावजूद भगवा पार्टी राजनीति के लिए हिंदू-मुस्लिम मुद्दों को उठा रही है। ठाकरे ने अपने पूर्व सहयोगी को चुनौती दी कि अगर वह मुसलमानों को नापसंद करते हैं तो अपनी पार्टी के झंडे से हरा रंग हटा दें। भाजपा के झंडे में हरा और केसरिया रंग है और सफेद रंग में कमल बना हुआ है।

शेष पेज 2 पर

## योगी की चेतावनी-

# भू माफिया बन गया वक्फ बोर्ड यूपी में माफियागीरी नहीं चलेगी

प्रयागराज । भगवान राम और निषादराज के मिलन की धरती श्रृंगवेरपुर धाम को सीएम योगी ने बृहस्पतिवार को 579 करोड़ रुपये की 181 परियोजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे। यहां पर उन्होंने करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 579 करोड़ रुपये की 181 परियोजनाओं की सौगात दी। इसके पूर्व उन्होंने विधि विधान से पूजन अर्चन कर निषादराज और भगवान राम के मिलन की पावन धरती को प्रणाम किया। सीएम ने निषाद राज उद्यान में अयोध्या शोध संस्थान द्वारा राजा निषाद व श्रीराम से जुड़ी कथाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत प्रशिक्षित समूह की महिलाओं द्वारा मूंज से उत्पादों ओडीओपी की प्रदर्शनी को भी देखा।



सीएम योगी ने कहा कि सार्वजनिक और ऐतिहासिक स्थलों पर वक्फ बोर्ड का का मनमाना दावा ज्यादा दिनों तक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यहां श्रृंगवेरपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप यहां निषादराज की पौराणिक भूमि पर कब्जा देख रहे हैं ना। शहर में जगह-जगह वक्फ के नाम पर कब्जे किए गए हैं। यहां तक की कुंभ के समय भी बयान दिए गए कि कुंभ की भूमि भी वक्फ की है। हमने पूछा था- क्या वक्फ बोर्ड भू-माफिया बन गया है।

**वक्फ बोर्ड बिल के लिए मोदी और शाह की सराहना की**-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार के तहत इस तरह के अतिक्रमण हटा दिए गए हैं और माफियाओं को उत्तर प्रदेश से बाहर खदेड़ दिया गया है। निषाद राज से जुड़ी पवित्र भूमि समेत कई जगहों पर वक्फ के नाम पर अतिक्रमण किया गया, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उनकी आपत्तियों के बावजूद भव्य और दिव्य कुंभ मेले का आयोजन किया गया।

शेष पेज 2 पर

## शिक्षक भर्ती मामलाः SC के फैसले पर ममता बोलीं- न्यायपालिका के प्रति सम्मान है, लेकिन फैसला स्वीकार नहीं




नई दिल्ली । बंगाल में 25 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती को सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए जाने पर ममता का कहना है कि, वह न्यायपालिका सम्मान करती है, लेकिन वह इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द कर दिया है। स्कूल शिक्षकों की नियुक्तियों को अमान्य करार देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि, न्यायपालिका के प्रति सर्वोच्च सम्मान है, लेकिन फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। ममता ने कहा कि नौकरी खो चुके लोगों से मिलेंगे, उनसे उम्मीद न खोने को कहेंगे।

बनर्जी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, मैं न्यायपालिका और न्यायाधीशों का बहुत सम्मान करती हूं, लेकिन मैं मानवीय दृष्टिकोण से इस फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती। शेष पेज 2 पर

# अमेरिका ने भारत पर 26 नहीं 27% का टैरिफ लगाया

### ट्रंप की घोषणा और आधिकारिक आदेश में दर अलग-अलग



नई दिल्ली। अमेरिका ने भारत पर 26 नहीं बल्कि 27% का टैरिफ लगाया है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी आधिकारिक आदेश इसकी पुष्टि करता है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

अमेरिका ने भारत पर 26 नहीं बल्कि 27% का टैरिफ लगाया है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी आधिकारिक आदेश इसकी पुष्टि करता है।

### किन देशों के टैरिफ दर में दिखा परिवर्तन?

| देश | घोषित टैरिफ (%) | आदेश में टैरिफ (%) |
|---|---|---|
| भारत | 26 | 27 |
| बोस्निया और हजेगीविना | 35 | 36 |
| बोत्सवाना | 37 | 38 |
| कैमरून | 11 | 12 |
| फॉकलैंड द्वीप समूह | 41 | 42 |
| म्यांमार | 44 | 45 |
| थाईलैंड | 36 | 37 |
| सर्बिया | 37 | 38 |
| दक्षिण अफ्रीका | 30 | 31 |
| दक्षिण कोरिया | 25 | 26 |
| स्विट्जरलैंड | 31 | 32 |

इससे पहले टैरिफ के एलान के वक्त ट्रंप जिस तख्ती के साथ मीडिया के सामने आए थे। उस पर भारत के लिए 26% टैरिफ का जिक्र था। लेकिन ट्रंप प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक आदेश में भारत के लिए 27% टैरिफ की बात कही गई है।

शेष पेज 2 पर

शिक्षक नियुक्ति | 25000 शिक्षक नियुक्ति मामले में

# सुप्रीम कोर्ट से राज्य सरकार को झटका हाईकोर्ट का फैसला रखा बरकरार

एनपीटी ब्यूरो

पश्चिम बंगाल के 25000 शिक्षकों की नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। पश्चिम बंगाल में हुई नियुक्ति पर बड़ा फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने करीब 25,000 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया। आपको बता दें कि पूरा मामला पश्चिम बंगाल का है। जानकारी के मुताबिक बंगाल में यह भर्ती 2016 में वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (हइररउ) के जरिए हुई थी। इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट ने पहले ही धोखाधड़ी से भरा हुआ करार देते हुए उक्त नियुक्ति को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि यह चयन प्रक्रिया पूरी तरह से दूषित और ठीक करने से परे है। इस फैसले ने न केवल शिक्षकों के भविष्य पर सवाल उठाए हैं, बल्कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर भी गहरा असर डालने की अंदेशा जताया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने फैसला सुनाया। सुजीआई खन्ना ने कहा, ह्लहमारी राय में, पूरी चयन प्रक्रिया धोखाधड़ी से दूषित है और इसे ठीक नहीं किया जा सकता। व्यापक हेरफेर और फजीर्वाड़े के कारण इस प्रक्रिया की वैधता खत्म हो चुकी है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन उम्मीदवारों की नियुक्ति हुई थी, उन्हें अब तक मिले वेतन वापस नहीं करना होगा, लेकिन इस फैसले के बाद उनकी सेवा समाप्त मानी जायेगी। साथ ही, नई भर्ती प्रक्रिया को तीन महीने के दरमियान शुरू करने और पूरा करने का आदेश दिया गया है, जिसमें बेदाग उम्मीदवारों के लिए कुछ छूट भी दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 2016 में वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन द्वारा की गई 25,000 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया है। इस फैसले ने न केवल प्रभावित शिक्षकों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है, बल्कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर प्रभाव डाला है। इससे पहले कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस भर्ती प्रक्रिया को धोखाधड़ी से भरा हुआ करार देते हुए इसे रद्द कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि यह चयन प्रक्रिया पूरी तरह दूषित है और इसे ठीक नहीं किया जा सकता। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, ह्लहमारी राय में, पूरी चयन प्रक्रिया धोखाधड़ी से दूषित है और इसे ठीक नहीं किया जा सकता। व्यापक हेरफेर और फजीर्वाड़े के कारण इस प्रक्रिया की वैधता समाप्त हो चुकी है

शेष पेज 2 पर

# वायु प्रदूषण कम करने के लिए कृत्रिम बारिश कराएगी दिल्ली सरकार



नई दिल्ली। बैठक में आईआईटी कानपुर की टीम ने पूरी प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि इससे वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सकती है। आईआईटी कानपुर ने पहले भी क्लाउड सीडिंग में सफलता प्राप्त की है और बारिश कराने की इस तकनीक के पिछले सात में से छह प्रयोग सफल रहे हैं।

दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार कृत्रिम बारिश कराने की दिशा में प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य को लेकर बृहस्पतिवार को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत ट्रॉपिकल मौसम विज्ञान संस्थान, पर्यावरण मंत्रालय, आईआईटी कानपुर, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्लाउड सीडिंग के माध्यम से आर्टिफिशियल रेन की संभावनाओं पर चर्चा की।

बैठक में आईआईटी कानपुर की टीम ने पूरी प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि इससे वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सकती है। आईआईटी कानपुर ने पहले भी क्लाउड सीडिंग में सफलता प्राप्त की है और बारिश कराने की इस तकनीक के पिछले सात में से छह प्रयोग सफल रहे हैं। बैठक में इस पहल को लागू करने के लिए जरूरी नियमों और अनुमतियों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने नियामक मंजूरी, उड़ान स्वीकृतियों और विभागों के बीच तालमेल पर विचार किया, ताकि यह योजना आसानी से लागू हो सके।

इस मौके पर सिरसा ने कहा कि सरकार वायु प्रदूषण के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ रही है। यह सिर्फ एक प्रयास नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देने का हमारा कर्तव्य है। दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण को कम करने के लिए लगातार आधुनिक तकनीकों को अपना रही है। रियल टाइम एयर क्वॉलिटी मॉनिटरिंग, स्मॉग टावर और पराली प्रबंधन के लिए बायो डीकंपोजर सहित अन्य पहल इसकी भविष्य की रणनीति का अहम हिस्सा हैं, जो स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अधिकारियों ने मंत्री को एक ऑनलाइन पोर्टल के बारे में जानकारी दी, जो निर्माण गतिविधियों से होने वाले डस्ट पॉल्यूशन को रोकने और 14 सूत्रीय कार्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में मदद करेगा। इसके अलावा मंत्री ने निर्माण स्थलों पर सेल्फ ऑडिट और सेल्फ असेसमेंट को बढ़ावा देने, पीटीजेड कैमरों के साथ वीडियो फेंसिंग लगाने और पीएम 2.5 स्तर की निगरानी के लिए सेंसर लगाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके नियमों का उल्लंघन करने पर पेनल्टी और चालान जारी किए जाएं। साथ ही 500 वर्ग गज से बड़े सभी निर्माण स्थलों पर अपनी डीपीसीसी का क्लीयरेंस स्टेटस स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

# पी ए सी जवानों के लिए आंबेडकर पार्क बना जंग का मैदान जमकर चले लात-घूसे

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मुरादाबाद। सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के आंबेडकर पार्क में जनता की रक्षा करने वाली पुलिस ही आपस में भिड़ती हुई नजर आई,यहां पीएसी के जवानों जमकर लात और घूसे चले

एक दूसरे को गंदी गंदी गालियां दी गईं। जब इस घटना को पत्रकार ने अपने कैमरे में रिकॉर्ड करना चाहा तो जवानों ने पत्रकार का कैमरा छीनने की भी कोशिश की।

संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश होने के बाद शासन के आदेश पर जगह जगह पीएसी तैनात की गई है,क्योंकि वक्फ बिल के खिलाफ जगह जगह प्रदर्शन देखने को मिल रहे हैं। इसी के मद्देनजर सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र में भी पीएसी को तैनात किया गया था।

पहले हुई कहासुनी,फिर जंग का मैदान बना आंबेडकर पार्क

पुलिस को जनता का रक्षक कहा जाता है। लेकिन जनता की रक्षा करने वाली पुलिस ही आपस में लड़ रही है। मिली जानकारी के मुताबिक वीडियो में दिख रहे जवान मुरादाबाद की पीएसी बटालियन में तैनात हैं। इनमे आपस में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी,इसके बाद आंबेडकर पार्क पुलिस वालों के लिए जंग का मैदान बन गया और यह जवान एक दूसरे पर लात और घूंसे बरसाना शुरू कर दिया। बाद में वहां मौजूद सीनियर अधिकारियों ने दोनों का बीचबचाव करा कर मामले को शांत कराया है।

# पेज एक का शेष...

## प्रधानमंत्री मोदी बोले, भारत-थाईलैंड सांस्कृतिक और आध्यात्मिक डोर से जुड़े हैं, बढ़ाएंगे रणनीतिक साझेदारी

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'एक ऐसा सांस्कृतिक जुड़ाव जो किसी और जैसा नहीं था! थाई रामायण, रामकियेन का एक आकर्षक प्रदर्शन देखा। यह वास्तव में समृद्ध अनुभव था, जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से प्रदर्शित किया।' पीएम मोदी ने आगे कहा कि रामायण वास्तव में एशिया के कई हिस्सों में दिलों और परंपराओं को जोड़ती है।

**थाईलैंड की यात्रा के बाद श्रीलंका जाएंगे पीएम मोदी**-शाम को, पीएम मोदी समुद्रीय सहयोग पर समझौते पर हस्ताक्षर की देखरेख के लिए बिम्सटेक (बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल) के नेताओं के साथ शामिल होंगे, जिनमें थाईलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार और भूटान के नेता शामिल हैं। थाईलैंड की यात्रा के बाद, पीएम मोदी श्रीलंका जाएंगे, जो नए राष्ट्रपति के चुनाव के बाद उनकी पहली यात्रा होगी।

## भू माफिया बन गया वक्फ बोर्ड यूपी में माफियागीरी नहीं चलेगी

मुख्यमंत्री ने वक्फ बोर्ड की कथित अनियमितताओं के खिलाफ विधायी कार्रवाई करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भी सराहना की।

योगी ने कहा कि ह्यहम प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के आभारी हैं कि उन्होंने वक्फ बोर्ड की मनमानी पर लगाम लगाई है। इस मुद्दे को हल करने वाला एक महत्वपूर्ण विधेयक पहले ही लोकसभा में पारित हो चुका है और अब इसे राज्यसभा में भी पारित किया जाएगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक बुधवार को लोकसभा में पारित हो गया और बृहस्पतिवार को राज्यसभा में प्रस्तुत किया गया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य अब अवैध दावों को बर्दाश्त नहीं करेगा और राष्ट्रीय हित को पहले स्थान पर रखना होगा। उन्होंने कहा कि ह्यजो लोग राष्ट्र के प्रति वफादार हैं, वे हमेशा अपना रास्ता खोज लेंगे।

महाकुंभ ने देश-प्रदेश को बहुत कुछ दिया-मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ 2025 ने देश-प्रदेश को बहुत कुछ दिया। इतना बड़ा आयोजन सनातन धर्मावलंबी और राम भक्त ही कर सकते हैं। जिनके मन में राष्ट्र के प्रति निष्ठा नहीं है, वे ही इतना बड़ा आयोजन नहीं कर सकते ह्व उन्होंने कहा कि हमारा प्रयागराज अब सामान्य रूप से इलाहाबाद नहीं रहा। अब यह प्रयागराज हो गया है। प्रयागराज का मतलब महामिलन स्थल। जो लोग प्रयागराज की पहचान को छिपाते थे, वे नहीं चाहते थे कि इस पौराणिक नगर को एक पहचान मिले क्योंकि उनके लिए उनका वोटबैंक महत्वपूर्ण था। योगी बोले महाकुंभ ने यहां के लोगों को देश दुनिया में पहचान और सम्मान दिलाया है। व्यक्ति को पहचान और सम्मान मिल जाए तो इससे बढ़कर कुछ नहीं होता। पिछली सरकारें इस पहचान को समाप्त कर रही थीं। उत्तर प्रदेश को माफियाओं को हवाले कर रही थीं और हर जिले में एक माफिया विकसित कर रही थीं।

श्रृंगवेरपुर का विकास भगवान राम और निषाद राज की मित्रता का प्रतीक- सीएम योगी-सीएम योगी ने श्रृंगवेरपुर में भगवान श्री राम और निषाद राज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि निषाद राज पार्क भगवान राम व निषाद राज की मित्रता का भव्य स्मारक है। सीएम योगी ने पार्क का निरीक्षण किया और कहा कि हजारों वर्ष पहले इसी पावन धरा पर भगवान राम ने कदम रखा था। निषाद राज ने मित्रता का धर्म निभाते हुए भगवान राम को गंगा पार कराई और चित्रकूट तक उनका साथ दिया। आज वही मित्रता बीजेपी और निषाद पार्टी के बीच दिख रही है। यह इतिहास फिर दोहराया जा रहा है। उन्होंने श्रृंगवेरपुर को आध्यात्मिक और पर्यटन केंद्र बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि जहां भगवान राम ने रात्रि विश्राम किया था, वहां घाटों का निर्माण और सुंदरीकरण होगा। महर्षि श्रृंगी और माता शांता के मंदिर का जीर्णोद्धार, संस्कृत विद्यालय, और विद्युत शोध गृह भी बनाया जाएगा। उन्होंने पार्क के रखरखाव और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाओं के निर्देश दिए। इस दौरान सीएम योगी ने निषाद समुदाय के उत्थान के लिए कई योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने निषाद राज वोट सब्सिडी योजना के तहत 1100 नाविकों को 3.20 करोड़ रुपये, मत्स्य संपदा योजना के तहत 1400 मत्स्य पालकों को 20 करोड़ रुपये, और किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए 138 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए।

सीएम योगी ने कहा कि पहले यह पैसा बिचौलियों के पास जाता था, लेकिन अब डबल इंजन की सरकार इसे सीधे लाभार्थियों तक पहुंचा रही है। उन्होंने प्रशासन को निषाद समुदाय के लिए सीएनजी नौकाएं और रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिए। जनसभा के दौरान भगवान राम के वेश में एक बालक ने शिव स्तुति सुनाई, जिससे सीएम योगी प्रभावित हुए और उन्होंने बच्चे को चॉकलेट देकर दुलारा। उन्होंने कहा कि यह प्रतिभा हमारी विरासत को आगे बढ़ाएगी।

महाकुंभ की सफलता सनातन धर्म की शक्ति का प्रतीक- सीएम योगी-ीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ की सफलता सनातन धर्म की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इतना भव्य आयोजन केवल राम भक्त और राष्ट्रनिष्ठ लोग ही कर सकते हैं। यह मां गंगा, भगवान राम, निषाद राज और द्वादश माधव की कृपा का परिणाम है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में योगदान देने वाले प्रशिक्षित गाइड, नाविकों और होम स्टे संचालकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ के बहाने प्रयागराज का चौतरफा विकास हुआ है।

हनुमान जी कॉरिडोर, अक्षयवट कॉरिडोर, मां सरस्वती कॉरिडोर, पातालपुरी कॉरिडोर, महर्षि भारद्वाज कॉरिडोर, नागवासुकी कॉरिडोर और द्वादश माधव कॉरिडोर ने प्रयागराज को नई पहचान दी है। यह स्मार्ट सिटी से आगे एक प्रभावशाली शहर बन चुका है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई 579 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मेडिकल कॉलेज अपग्रेडेशन, पेयजल योजनाएं और कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स में प्रयागराज को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। सीएम योगी ने मां गंगा की अविरलता और निर्मलता पर जोर देते हुए कहा कि यह हमारी विरासत और दिव्यता की प्रतीक है। नाविकों और गाइडों ने मेहनत से महाकुंभ को सफल बनाया और अपनी आजीविका को सशक्त किया।

पिछली सरकारें प्रयागराज की पहचान मिटाने और माफियाओं को बढ़ावा देने में लगी थीं-सीएम योगी ने वक्फ बोर्ड की मनमानी पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि महाकुंभ की तैयारी के दौरान वक्फ बोर्ड ने दावा किया था कि कुंभ की भूमि उनकी है। यह माफिया बोर्ड बन गया था। लेकिन पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी मनमानी पर लगाम लगाई। उन्होंने बताया कि वक्फ बोर्ड से संबंधित एक महत्वपूर्ण अधिनियम लोकसभा में पारित हो चुका है और जल्द ही राज्यसभा में भी पास होगा, जिससे यह केवल कल्याणकारी कार्यों तक सीमित रहेगा। सीएम योगी ने कहा कि यह बोर्ड भू माफिया बोर्ड हो गया है क्या, उत्तर प्रदेश में किसी भी प्रकार का माफिया नहीं चल सकते हैं, यहां के माफिया को तो हम पहले ही विदा करवा चुके हैं।

सीएम योगी ने कहा कि निषाद राज के पौराणिक भूमि पर कब्जा और जगह-जगह शहरों पर भी वक्फ के नाम पर कब्जे किए गए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें प्रयागराज की पहचान मिटाने और माफियाओं को बढ़ावा देने में लगी थीं। हर जिले में माफिया पनप रहे थे। लेकिन हमने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर माफियाओं को विदा किया। श्रृंगवेरपुर और प्रयागराज की पौराणिक भूमि पर कब्जे की कोशिशें नाकाम की गईं ह्व सीएम ने पीएम मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह उनकी दूरदर्शिता का परिणाम है कि महाकुंभ भव्य और दिव्य हुआ।

विकास और विरासत के संरक्षण के लिए डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध- सीएम-सीएम योगी ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से मत्स्य पालकों को 138 करोड़ रुपये का ऋण और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को अनुदान राशि का वितरण भी किया। सीएम योगी ने यहां मुख्यमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को नवीन आवास की चाबी देकर उनका उत्साह बढ़ाया। सीएम योगी ने युवा उद्यमी विकास योजना के तहत युवाओं को स्वीकृति पत्र दिया। सीएम योगी ने कहा कि हर गरीब को आवास, दिव्यांग और निराश्रित लोगों को पेंशन, और मत्स्य पालकों को आर्थिक सहायता मिल रही है। डबल इंजन की सरकार विकास और विरासत के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', डॉ संजय कुमार निषाद, नरेंद्र कुमार कश्यप, रामकेश निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह, महापौर उमेश गणेश केसरवानी, विधायक डॉ. सिद्धार्थनाथ सिंह, डॉ. केपी श्रीवास्तव, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, पूजा पाल समेत कई स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर बैन हटाने से किया इनकार

हर किसी के पास अपने घर या कार्यस्थल पर वायु शुद्धिकरण यंत्र लगाने की सुविधा नहीं होती।

'दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब'

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पिछले छह महीनों में इस अदालत ने कई आदेश दिए हैं, जो दिखाते हैं कि दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति बहुत खराब रही है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वास्थ्य का अधिकार हर नागरिक का हक है, जिसमें स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीने का अधिकार भी शामिल है।'

पटाखों पर रोक लगाना बिल्कुल जरूरी-कोर्ट-सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि ग्रीन पटाखों से बेहद कम प्रदूषण होता है, तब तक इस बैन पर दोबारा विचार करने का सवाल ही नहीं उठता। कोर्ट के अनुसार, दिल्ली में जो असाधारण स्थिति बनी हुई है, उसके चलते पटाखों पर रोक लगाना बिल्कुल जरूरी है।

पटाखों पर प्रतिबंध बहुत जरूरी- सुप्रीम कोर्ट-शीर्ष अदालत ने कहा कि समय-समय पर पारित आदेशों से यह संकेत मिलता है कि पटाखों के उपयोग पर निर्देश और प्रतिबंध दिल्ली में मौजूदा असाधारण स्थिति के मद्देनजर बहुत जरूरी थे।

## सुप्रीम कोर्ट से राज्य सरकार को झटका, हाईकोर्ट का फैसला रखा बरकरार

भर्ती परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों की डटफ शीट्स के स्कैन किए गए डेटा में कई विसंगतियां पाई गईं। वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (हइररउ) ने परीक्षा के मूल डटफ शीट्स को परीक्षा के एक साल बाद नष्ट कर दिया था, जिससे जांच प्रक्रिया और जटिल हो गई। ररउ ने डटफ शीट्स की स्कैनिंग और मूल्यांकन का कार्य ठरअ कम्युनिकेशंस को सौंपा था, जिसने इसे नोएडा स्थित कम्पानी ऊअळअ रूंल्लउीूं रङ्ग'४३ङ्ख्लर को आगे दे दिया। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (उइक) की जांच में पाया गया कि कई उम्मीदवारों के अंकों में हेरफेर कर उन्हें अयोग्यता के बावजूद पास किया गया। उइकने ररउ के सर्वर डेटा और पूर्व ठरअ कर्मचारी पंकज बंसल द्वारा जमा की गई हार्ड डिस्क के डेटा की तुलना की, जिससे इस फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई। जांच में यह भी पाया गया कि ठरअ को ररउ द्वारा उत्तर कुंजी सौंपी गई थी, लेकिन इसमें बदलाव कर कुछ उम्मीदवारों को अनुचित लाभ दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि प्रभावित उम्मीदवारों को अब तक मिला वेतन वापस नहीं करना होगा, लेकिन उनकी सेवाएं समाप्त मानी जाएंगी। इसके साथ ही, नई भर्ती प्रक्रिया को तीन महीने के भीतर पूरा करने का आदेश दिया गया है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि योग्य और बेदाग उम्मीदवारों के लिए कुछ छूट दी जा सकती है। हालांकि, अदालत के इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। गैर-चयनित उम्मीदवारों की ओर से वरिष्ठ वकील विभा मखीजा ने दलील दी कि पूरी प्रक्रिया को रद्द करने के बजाय गलत तरीके से चयनित लोगों को हटाकर मेरिट सूची से नये उम्मीदवारों को मौका दिया जाना चाहिए। वही ररउ की ओर से जयदीप गुप्ता ने कोर्ट में तर्क दिया कि हाई कोर्ट का निष्कर्ष गलत था कि ररउ ने सहयोग नहीं किया। वही, प्रभावित उम्मीदवारों की ओर से वरिष्ठ वकील पीएस पटवालिया और करुणा नंदी ने तर्क दिया कि जब तक मुकदमा पूरा नहीं होता, यह तय करना मुश्किल है कि कौन सा डेटा सही है। इस फैसले से कई शिक्षकों और उम्मीदवारों के करियर पर गहरा असर पड़ा है। अब सभी की निगाहें नई भर्ती प्रक्रिया और सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं।

## मुसलमानों के लिए भाजपा की चिंता देखकर जिन्ना को भी शर्म आ जाएगी', उद्धव ठाकरे का सरकार पर तंज

ठाकरे ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों द्वारा मुसलमानों के प्रति दिखाई गई चिंता मुहम्मद अली जिन्ना को शर्मिंदा कर देगी। यह एक संयोग है कि किरेन रिजिजू, जिन्होंने कभी गौमांस खाने का समर्थन किया था, ने वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। वक्फ विधेयक दूसरा बड़ा बदलाव है जिसे भाजपा ने 2019 में ट्रिपल तलाक की प्रथा को गैरकानूनी बनाने के बाद मुस्लिम समुदाय में लागू करने का प्रयास किया है। वक्फ विधेयक पर अपना रुख स्पष्ट करते हुए, जिसे 12 घंटे की मैराथन बहस के बाद लोकसभा में पारित किया गया, ठाकरे ने कहा कि वह विधेयक का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि भाजपा के दोहरे मानदंडों का विरोध कर रहे हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि यह विधेयक भाजपा की जमीन छीनकर अपने उद्योगपति मित्रों को देने की चाल है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने कहा कि मैंने यह नहीं कहा कि मैं विधेयक का समर्थन करता हूं। मैंने विधेयक का विरोध नहीं किया है, लेकिन मैंने भाजपा के दोहरे मानदंडों का विरोध किया है। विधेयक में निश्चित रूप से कुछ अच्छी बातें हैं, लेकिन उन्हें इसका इस्तेमाल राजनीति के लिए नहीं करना चाहिए। इसका हिंदुत्व से कोई लेना-देना नहीं है। वक्फ विधेयक, जो वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधन करता है, सरकार को वक्फ संपत्तियों को विनियमित करने और ऐसी संपत्तियों से संबंधित विवादों को निपटाने में एक कदम आगे ले जाएगा।

## अमेरिका ने भारत पर 26 नहीं 27% का टैरिफ लगाया

भारत पर बोलते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नई दिल्ली की ओर से जाने वाले टैरिफ को "बहुत, बहुत कठोर" बताया। उन्होंने कहा, "उनके प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) अभी-अभी (हाल ही में अमेरिका से) गए हैं... वे मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं, लेकिन मैंने उनसे कहा कि 'आप मेरे दोस्त हैं, लेकिन आप हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।' भारत हमसे 52 प्रतिशत शुल्क लेता है, इसलिए हम उनसे इसका आधा शुल्क लेंगे- 26 प्रतिशत। यह फैसला लेना बहुत कठिन रहा।

हालांकि, जब ट्रंप की ओर से जारी टैरिफ चार्ट में भारत की टैरिफ दर 26 प्रतिशत बताए जाने से भ्रम की स्थिति पैदा हो गई, क्योंकि व्हाइट हाउस के आधिकारिक आदेश में 27 प्रतिशत टैरिफ की बात कही गई थी। भारत के अलावा दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, म्यांमार और अन्य देशों के लिए भी टैरिफ की दरों में घोषणा और आधिकारिक आदेश में बदलाव दिखा।

अमेरिकी टैरिफ पर वाणिज्य मंत्रालय ने क्या प्रतिक्रिया दी?

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने भी अमेरिका की जवाबी टैरिफ पर प्रतिक्रिया दी है। मंत्रालय ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ने पारस्परिक शुल्क पर एक कार्यकारी आदेश जारी किया है, जिसके तहत सभी व्यापारिक साझेदारों से आयात पर 10% से 50% तक अतिरिक्त समानमूल्य शुल्क लगाया जाएगा। 10% का आधारभूत शुल्क 05 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा और शेष शुल्क 09 अप्रैल, 2025 से प्रभावी होगा। अमेरिकी प्रशासन के कार्यकारी आदेश के अनुलग्नक क के अनुसार भारत पर 27% टैरिफ लगाया गया है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा है, "हम अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से की गई घोषणाओं के निहितार्थों की सावधानीपूर्वक जांच कर रहे हैं। विकसित भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, विभाग भारतीय उद्योग और निर्यातकों सहित सभी हितधारकों के साथ संपर्क में है और टैरिफ के बारे में उनके आकलन पर प्रतिक्रिया ले रहा है। हम स्थिति का आकलन कर रहे हैं। विभाग अमेरिकी व्यापार नीति में इस नए बदलाव के कारण पैदा हुए अवसरों का भी अध्ययन कर रहा है।

## शिक्षक भर्ती मामला: SC के फैसले पर ममता बोलीं- न्यायपालिका के प्रति सम्मान है, लेकिन फैसला स्वीकार नहीं

हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार सभी कानूनी विकल्पों पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करेगी।

उन्होंने कहा, हमें फैसले को स्वीकार करना होगा और कानूनी रूप से जो भी संभव हो, वह करना होगा। बनर्जी ने कहा कि राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी इस मामले में जेल में हैं। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए पूछा, "व्यापम मामले में कितने भाजपा नेताओं को गिरफ्तार किया गया? उन्होंने सवाल किया, "क्या भाजपा पश्चिम बंगाल की शिक्षा प्रणाली को ध्वस्त करना चाहती है? मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उन लोगों से मिलेंगी, जिन्होंने अपनी नौकरी खो दी है। उन्होंने कहा, मैं उनसे कहूंगी कि वे उम्मीद न खोएं। ममता ने कहा, मैं 7 अप्रैल को नेताजी इंडोर स्टेडियम में उनसे मिलूंगी। मैं मानवीय आधार पर उम्मीदवारों के साथ हूं। इस कदम के लिए, अगर भाजपा मुझे जेल भेजना चाहती है, तो वे भेज सकते हैं। अगर आप इसके लिए तैयार हैं तो मुझे पकड़ लें।

सीएम ममता बनर्जी ने कहा, एसएससी एक स्वायत्त निकाय है। हम सरकार के रूप में हम उनके काम में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। यदि न्यायालय ने तीन महीने (नई चयन प्रक्रिया के लिए) का उल्लेख किया है, तो हम मानवीय आधार पर उम्मीदवारों के साथ हैं। सुकांत मजूमदार ने कहा कि मैं इसके लिए जिम्मेदार हूं...वे हर समय बंगाल को क्यों निशाना बना रहे हैं? मैं बंगाल में पैदा हुआ हूं और मैं भाजपा और केंद्र सरकार की मंशा जानता हूं।

भाजपा ने मांगा इस्तीफा-सुप्रीम कोर्ट के 25 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा ने सीएम ममता बनर्जी से इस्तीफा देने की मांग की। राज्य भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने एक्स पर लिखा कि शिक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की पूरी जिम्मेदारी राज्य की असफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से साफ है कि ममता बनर्जी के शासन में कैसे पश्चिम बंगाल में शिक्षित बेरोजगार युवाओं की योग्यता को पैसे के बदले बेचा गया। इस बड़े भ्रष्टाचार की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए मैं विफल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तत्काल इस्तीफे की मांग करता हूं। अब और माफी नहीं मिलेगी।

'जब नई सरकार बनेगी तो वक्फ विधेयक को रद्द करने के लिए संशोधन लाएंगे'- वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा देश को बांटने के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक लाई है। उन्होंने कहा, जब भाजपा नीत सरकार को हटा दिया जाएगा और नई सरकार बनेगी तो वक्फ विधेयक को रद्द करने के लिए संशोधन लाएंगे।

## वायु सेना के रिटायर्ड कर्मचारी ने इच्छा मृत्यु की मांग की

लोनी। वायु सेना के रिटायर्ड कर्मचारी शकलपुरा गांव निवासी धीरज सिंह ने लोनी तहसील के लेखपाल पर आरोप लगाते हुए पीएम से इच्छा मृत्यु की मांग की है। उनका बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ लोगों ने इसको एक्स(ट्विट) किया है। उन्होंने सीएम को भी पत्र लिखा है। धीरज सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर न्याय दिलाने अथवा इच्छा मृत्यु की स्वीकृति देने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि वह वर्ष 2008 नवंबर में वायु सेना से फ्लाईंग आफिसर के पद से सेवा निवृत्त हुए थे। शकलपुरा गांव के जंगल में उनकी चार बीघा भूमि है। जिसका खसरा नंबर 1247 है। उन्हें भूमि पर ट्यूबवेल लगवाने के लिए बिजली का कनेक्शन लेना है। जिसके लिए हिस्सा प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया हुआ है।

# ज्ञानदीप स्कूल मवीकला में हवन के साथ हुआ शैक्षिक सत्र का शुभारंभ



**एनपीटी ब्यूरो**

बागपत। ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल मवीकलां खेकड़ा में नए सत्र 2025-26 का शुभारंभ स्कूल स्टाफ और बच्चों ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती जी की पूजा कर हवन के साथ किया गया।

इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य ब्रिजेश कुमार शर्मा ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। स्कूल स्टाफ और बच्चों ने भगवान श्री गणेश जी की पूजा अर्चना की और मां सरस्वती जी की पूजा वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर ब्रिजेश कुमार शर्मा ने कहा कि यज्ञ हमारी संस्कृति का प्रतीक है। यज्ञ के द्वारा नवीन कार्य की शुरूआत करना शुभ व फलदायी माना जाता है। कहा कि यज्ञ एक महत्वपूर्ण विज्ञान है। इसमें जिन पेड़ों की लकड़ियों की समिधाएं उपयोग में लाई जाती हैं, उनमें विशेष प्रकार के गुण होते हैं। किस प्रयोग के लिए किस प्रकार की सामग्री डाली जाती है, इसका भी विज्ञान है। उन वस्तुओं के सम्मिश्रण से एक विशेष गुण तैयार होता है, जो जलने पर वायुमंडल में विशिष्ट प्रभाव पैदा करता है। छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उन्होंने कहा कि अच्छे वातावरण में अनुशासन का पालन करते हुए खूब मन लगाकर पढ़े, ताकि तुम्हें कामयाबी प्राप्त हो। स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नये विश्वास ऊर्जा के साथ नये सत्र में कार्य करने का संकल्प लेते हुए यज्ञ में आहुति दी।

इस मौके पर रामकिशोर शर्मा, ओमबीरी, संगीता शर्मा, इंदु शर्मा, दीपा जैन, काजल चौधरी, परविंद्र कुमार, शिखा शर्मा, मंजू, दीपाली, शालू धामा, शिवानी कश्यप, मोनू स्वामी, रविन्द्र कुमार आदि थे।

# गोल्फ खिलाड़ी अर्जुन भाटी नेशनल यूथ अवार्ड से हुए सम्मानित

**एनपीटी ब्यूरो**



बागपत। दो बार के जूनियर गोल्फ चैंपियन रहे अर्जुन भाटी को नेशनल यूथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसको लेकर बागपत के लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

कार्यक्रम का आयोजन खेल मंत्रालय की तरफ से संसद में किया गया। अर्जुन को नेशनल यूथ अवार्ड मिलने की खबर से उनके पिता बॉबी भाटी समेत परिजनों व क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने फोन पर अर्जुन को बधाई दी है। नेशनल यूथ अवार्ड मिलने पर अर्जुन ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, खेल अधिकारियों व अन्य का आभार जताया है। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके अर्जुन भाटी अपने परिवार के साथ जेपी ग्रीन्स सोसाइटी गौतमबुद्ध नगर में रहते हैं। बागपत जिले के कैडवा गांव में उनके मामा संदीप बादल रहते हैं। अर्जुन की इस उपलब्धि से कैडवा गांव में भी जश्न का माहौल है। राजकिशोर प्रधान कमाला ने भी अर्जुन की इस काबिलियत पर उसे बधाई दी है।

अर्जुन ने देश की मदद देने के लिए कोरोना काल में अपनी 102 ट्रॉफी नीलाम की थी। यही नहीं उनकी दादी ने भी अपनी एक साल की पेंशन प्रधानमंत्री फंड में जमा कर दी थी। बाद में उनके द्वारा किए गए कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्र भेजकर उनका आभार जताया था। पूर्व में विश्व स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अर्जुन 9 साल की उम्र से ही गोल्फ खेल रहे हैं।

# महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में मनाई गई छत्रपति शिवाजी की पुण्यतिथि

**एनपीटी ब्यूरो**




बागपत। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई।

प्रधानाचार्य सतेंद्र शर्मा ने छात्रों को बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने जीवन भर देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने मुगलों और अंग्रेजों दोनों के खिलाफ एक साथ मोर्चा खोला। उन्होंने सबसे पहले नौसेना का निर्माण किया था। छत्रपति शिवाजी महाराज एक साधारण परिवार में जन्मे व्यक्ति थे। अपने पराक्रम और शौर्य से उन्होंने छत्रपति की उपाधि धारण की। संपूर्ण भारतवर्ष हमेशा उनका ऋणी रहेगा। डायरेक्टर मनोज कुमार आर्य एडवोकेट ने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज ना होते तो भारत की दिशा ही कुछ और होती। देश की आजादी की लड़ाई की प्रेरणा छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी माता जीजाबाई से मिली। पूरा देश आज उनको नमन कर रहा है। शिक्षक अनिल कुमार ने छात्रों को शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम सबको राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए।

छत्रपति शिवाजी महाराज ने कभी भी जाति और संप्रदाय में भेदभाव नहीं किया। वह पूरी जनता को एक समान समझते थे। इस अवसर पर शिक्षक अंजना, सविता शर्मा ,रेखा ,राहुल कुमार योगेंद्र कुमार शर्मा, प्रियांशी उपस्थित रहे।

# शैक्षिक सत्र के शुभारंभ पर स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**एनपीटी ब्यूरो**

बागपत। उच्च प्राथमिक विद्यालय संविलियन हलालपुर में नये शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ हो गया। इस मौके पर बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली।



रैली स्कूल से शुरू होकर गांव के विभिन्न गली-मोहल्लों से होती हुई पुनः स्कूल पर आकर समाप्त हुई। कम्पोजिट विद्यालय हलालपुर कक्षा 1 से कक्षा 8 में 2025-26 नवीन शैक्षिक सत्र का आरंभ नव बच्चों को रोली व चंदन से तिलक लगाकर किया गया। सभी शिक्षको व बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत गाँव में रैली निकाली। बच्चों ने आधी रोटी खाएंगे, स्कूल पढ़ने जाएंगे जैसे नारे लगाये। इसी विचार को आत्मसात कराने के लिए अभिभावकों से सम्पर्क किया गया। सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अभिभावकों को अवगत कराया। रैली का उद्देश्य प्रत्येक बच्चें का नामांकन करना हैं। शिक्षित समाज स्वस्थ समाज

एक, दो, तीन, चार साक्षरता की जय-जयकार आदि नारे लगाये गए। इसमें प्रधानाध्यापिका बबीता खोखर, संदीप मलिक, मोहित कुमार, मंजू तोमर, प्रवेश व विद्यालय के समस्त बच्चें सम्मिलित रहें।

# विद्यार्थी परिषद ने गुरुवार को प्राचार्य प्रो. ओपी राय का घेराव किया

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली। बरेली कॉलेज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गुरुवार को प्राचार्य प्रो. ओपी राय का घेराव किया। परिषद के कार्यकताओं ने कहा कि कॉलेज में लगातार विद्यार्थियों की अनदेखी हो रही है। बार-बार ज्ञापन देने के बाद भी पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं को भी सही नहीं किया जा रहा है। फार्म जमा करने को आने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कर्मचारी उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं। कॉलेज के छात्रों को खेलने के लिए सामान भी नहीं मिल रहा है। यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तब परिषद और भी उग्र आंदोलन करेगी।

# हाउस टैक्स वसूलने में प्रदेश में दसवें स्थान पर रहा नगर निगम बरेली

## 28.7 करोड़ से ज्यादा का राजस्व जमा

**एनपीटी ब्यूरो**




बरेली। हाउस टैक्स जमा कराने के मामले में नगर निगम बरेली ने प्रदेश में 10 वां स्थान प्राप्त किया है। इस बार अपने पिछले का रिकॉर्ड को तोड़कर 28.7 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व जमा कराया है।

नगर निगम ने वित्तीय वर्ष-2024-25 में हाउस टैक्स की वसूली शुरू करने से पहले जीआईएस सर्वे लागू किया था। इस सर्वे की मदद से निगम ने ऐसे 82897 नए भवनों को चिह्नित किया था, जो हाउस टैक्स के दायरे में नहीं थे। आंकड़ों के अनुसार, नगर निगम ने वित्तीय वर्ष-2023-24 में 81 करोड़ का टैक्स वसूल किया था, जबकि इस बार कुल 109.7 करोड़ की आय हुई है, जो 2023-24 की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। पिछली बार 37280 लोगों ने टैक्स जमा किया था, जबकि इस बार 51654 ने हाउस टैक्स जमा किया है।

इस तरह से 14,374 नए भवन स्वामियों ने टैक्स भरा है। बुधवार को शासन से जारी रैंकिंग में हाउस टैक्स वसूली में बरेली 10 वें पायदान पर रहा। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि इस बार कर-करेत्तर में 109.7 करोड़ की वसूली की गई है। कर से 7109.94 और करेत्तर में 3860.18 करोड़ की आय की गई। उन्होंने बताया कि इस बार 28 करोड़ 74 लाख 98 हजार रुपये की अधिक वृद्धि की गई है।

# कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली ,कंपोजिट विद्यालय कोढ़मपुर ब्लॉक भोजीपुरा में वार्षिकोत्सव मनाया गया।इस दौरान बच्चों ने सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तत्पश्चात एस.एम.सी. अध्यक्ष पन्नालाल ने होनहार बच्चों को पुरस्कार भी बांटे और स्कूल की प्रधानाध्यापिका चंद्रा दियोलिया ने बताया कि विद्यालय के छात्र उमंग,विवेक,मोनू,रोशनी,सलोनी,भावना,परवीन,आयशा आदि को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के बाद स्कूल चलो रैली भी आयोजित की गई।इस दौरान अध्यापकगण आरती सक्सैना,प्रदीप कुमार,लखपत राय,अर्चना और पूनम, ममता,अर्चना राठौर आदि का विशेष सहयोग रहा।

# डीएम ने किया 300 बेड हॉस्पिटल का निरीक्षण

## स्टाफ की कमी के चलते वेंटीलेटर का नहीं हो पा रहा है उपयोग

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली। 300 बेड अस्पताल का गुरुवार को जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। अस्पताल प्रभारी से उपकरणों के बारे में पूछा। जिलाधिकारी ने ओपीडी, फामेर्सी, पैथलॉजी और आईसीयू वार्ड को भी देखा। आईसीयू में रखे वेंटीलेटर के मेंटेनेंस के बारे में जानकारी ली वेंटिलेटर मेंटेनेंस के संबंध में सीएमओ डॉक्टर विश्राम सिंह ने बताया कि 30 से अधिक वेंटीलेटर है लेकिन स्टाफ न होने की वजह से उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है।

# वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पास मौलाना शहाबुद्दीन ने किया स्वागत

**एनपीटी ब्यूरो**



बरेली। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास होने पर स्वागत किया। मौलाना ने इस बिल के पक्ष में वोटिंग करने वाले सांसदों का शुक्रिया अदा किया। केंद्र सरकार को मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने बुराई के खात्मे के लिए अच्छा कदम उठाया है। इस बिल से गरीब मुसलमानों को फायदा होगा। उनके आर्थिक सुधार में क्रांति आएगी।

**पीएम मोदी को बधाई- सुशील पाठक**

धर्मगुरु पंडित सुशील पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदी जो कहते हैं वो करते हैं। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का जो नारा दिया था, उसी नारे के तहत काम कर रहे हैं। सुशील पाठक ने कहा कि पीएम मोदी ने ये कानून लाकर सिद्ध कर दिया है कि वक्फ के नाम पर जो अवैध कब्जे किए गए हैं उन्हें हटाया जाएगा। के मुंह पर यह जोर का तमाचा है।

लोकसभा में वक्फ बिल पास होने के साथ ही राजनीति गरमा गई है। इसको लेकर बरेली जोन, रेंज व जिला स्तर पर अलर्ट जारी किया गया है। मिश्रित आबादी वाले शहर में मुस्लिम समुदाय के सुन्नी मसलक का धार्मिक केंद्र भी है। बरेलवी मुस्लिम देश समेत दुनिया भर में फैले हैं।

बरेली में जिले में कई वक्फ संपत्तियां भी हैं। इस लिहाज से प्रदेश मुख्यालय से अधिकारियों ने यहां पुलिस को खासी चौकसी बरतने का निर्देश दिया है। इसी सिलसिले में एसएसपी अनुराग आर्य ने बीते दिवस दोपहर राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की बैठक की।

# अनिल कसाना की बढ़ी मुश्किलें, लोनी से भाजपा विधायक ने भेजा 10 करोड़ का मानहानि नोटिस

गाजियाबाद । गाजियाबाद के लोनी से भाजपा विधायक नंदर किशोर गुर्जर ने 10 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा है। ये नोटिस अनिल कसाना को भेजा गया है।

लोनी क्षेत्र के विधायक नंद किशोर गुर्जर ने अनिल कसाना के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। विधायक की ओर से उनके अधिवक्ता ने कसाना को 10 करोड़ रुपये की मानहानि का नोटिस भेजा है। यह नोटिस 30 मार्च 2025 को एक प्रेस वार्ता के दौरान दिए गए बयानों को लेकर जारी किया गया है, जिसमें विधायक पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे।

नोटिस में कहा गया है कि अनिल कसाना ने प्रेस वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि विधायक बनने के बाद नंद किशोर गुर्जर ने लोनी क्षेत्र के विभिन्न सम्मानित व्यक्तियों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराए। उन्होंने आरोप लगाया कि महेश प्रधान, इंद्र फौजी, कंवर सिंह और उनके परिवार समेत कई लोगों पर विधायक के इशारे पर कानूनी कार्रवाई की गई।

विधायक के अधिवक्ता द्वारा भेजे गए नोटिस में इन आरोपों को पूरी तरह झूठा और निराधार बताया गया है। नोटिस में कहा गया है कि जिन मामलों का जिक्र किया गया, उनमें विधायक स्वयं वादी नहीं हैं, बल्कि विभिन्न व्यक्तियों ने अलग-अलग मामलों में शिकायतें दर्ज कराई थीं। ऐसे में इन घटनाओं को विधायक से जोड़ना उनकी छवि धूमिल करने की साजिश है।

नोटिस में आगे कहा गया है कि इस प्रकार के झूठे बयान देकर अनिल कसाना ने विधायक की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है, जिससे उनकी सामाजिक और राजनीतिक छवि को गंभीर नुकसान हुआ है। यह भी कहा गया कि बिना किसी ठोस प्रमाण के प्रेस वार्ता में इस तरह के आरोप लगाना पूरी तरह से गैरकानूनी है।

# भारत की सांस्कृतिक एकता और सहिष्णुता की परंपरा

**सुरेंद्र मलानिया**

बागपत। भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषताएँ सहिष्णुता, सह-अस्तित्व और विविधता में एकता हैं। यहाँ विभिन्न धर्म, परंपराएँ और भाषाएँ होते हुए भी सांस्कृतिक समन्वय बना रहा है। हिंदू, बौद्ध, जैन, इस्लामी, सिख और ईसाई परंपराओं ने इसे समृद्ध किया है।

प्राचीन काल से ही धार्मिक सहिष्णुता और सामुदायिक सद्भाव भारत की विशेषता रही है। सम्राट अशोक, गुप्त शासक, चाणक्य और कनिष्क जैसे शासकों ने सभी धर्मों का सम्मान किया। भक्ति और सूफी आंदोलन ने हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा दिया। अकबर की ₹दीन-ए-इलाही₹ नीति धार्मिक समन्वय का उदाहरण थी।

आधुनिक भारत में महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद और संविधान ने सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत किया। बॉलीवुड, संगीत, त्यौहारों और सामाजिक संगठनों ने भी इस एकता को बढ़ावा दिया।

गंगा-जमुनी तहजीब₹ सांस्कृतिक मेल-जोल की मिसाल है, जहाँ हिंदू-मुस्लिम त्योहार साथ मनाए जाते हैं। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक समन्वय को मजबूत करना आवश्यक है। कट्टरता, चाहे किसी भी समुदाय की हो, समाज के लिए घातक है। इतिहास को सत्ता प्राप्ति का उपकरण बनने से रोककर, हमें सहिष्णुता और एकता को बढ़ावा देना होगा।

## संपादकीय

# कोर्ट के निदेर्शों की अवहेलना चिंताजनक

यह पहली बार नहीं है कि देश की शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि कथित अवैध निमार्णों के खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई न्याय के नैसर्गिक नियमों का उल्लंघन है। लेकिन ऐसी बलपूर्वक की गई कार्रवाई को असंवैधानिक करार दिए जाने के बावजूद पिछले दिनों उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में बुलडोजर की नाइंसाफी नजर आई। कोर्ट का कहना था कि यह बुलडोजरी अन्याय केवल झुग्गियों व मकानों को ही नहीं गिरा रहा है, बल्कि यह कानून की उचित प्रक्रिया व अनुच्छेद 21 का भी अतिक्रमण है। जो हर नागरिक के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा की गारंटी देता है। शीर्ष अदालत ने प्रयागराज में घरों को गिराए जाने को अमानवीय और अवैध बताते हुए शहरी विकास प्राधिकरण को प्रत्येक पीड़ित घर के मालिक को दस लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान घटी उस घटना को तंत्र की संवेदनहीनता बताया जिसमें बुलडोजर द्वारा झोपड़ी गिराए जाने पर एक बालिका अपनी किताबें पकड़कर भाग रही थी। अदालत का कहना था कि तसवीर देश की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली है। साथ ही अधिकारियों की मनमानी और असंवेदशीलता को उजागर करती है। कहा गया कि अतिक्रमणकारियों को खुद की स्थिति को स्पष्ट करने का उचित अवसर दिए बिना बुलडोजर से उनके मकान या झोपड़ियों को ध्वस्त करना अन्याय जैसा ही है। जिससे निष्कर्ष निकलता है कि प्रशासन का इरादा अनधिकृत निर्माण को हतोत्साहित करने के बजाय उन्हें सबक सिखाना लगता है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में शासन-प्रशासन कथित “तत्काल न्याय” के बुलडोजर मॉडल को लागू करने में सबसे आगे रहा है। इस विवादास्पद कार्रवाई का बचाव करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा था कि कभी-कभी कुछ लोगों को उनकी समझ में आने वाली “भाषा” में चीजों को समझाने की जरूरत होती है। जिसके मायने यह भी हैं कि ऐसे तत्वों को अदालतों द्वारा उन्हें दोषी या निर्दोष ठहराये जाने का इंतजार किए बिना ही दंडित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीते साल नवंबर में, सर्वोच्च न्यायालय ने बुलडोजर के लगातार इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिये कई दिशा-निर्देश दिए थे। इसमें मकान आदि के ध्वस्तीकरण से पंद्रह दिन पहले कब्जाधारियों को सचेत करना भी शामिल था। अदालत ने तो यहां तक चेतावनी दी थी कि निदेर्शों का अतिक्रमण करने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। लेकिन इसके बावजूद जमीनी हकीकत में बदलाव नहीं आया। इसमें दो राय नहीं कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण के प्रति शून्य-सहिष्णुता का नजरिया जरूरी है। अवैध निर्माण हटाया जाना चाहिए, लेकिन सभी कायदे-कानूनों का पालन भी उतना ही जरूरी है। अदालत मानती रही है कि जल्दबाजी में बुलडोजर का इस्तेमाल असंवैधानिक है और नागरिक अधिकारों का उल्लंघन भी है। जिसकी कानून इजाजत नहीं देता। प्रयागराज व महाराष्ट्र में कई जगह लोगों ने आरोप लगाया कि नोटिस देने के चौबीस घंटों में ही उनके मकान गिरा दिए गए। ऐसी ही कार्रवाई नागपुर हिंसा के बाद आरोपियों के घर गिराने में की गई। कहा गया कि लोगों को अपील करने का भी मौका नहीं दिया गया। वैसे यह नैसर्गिक न्याय की अवहेलना है कि एक कथित दोषी के कृत्यों की सजा उसके पूरे परिवार को दी जाती है। उस घर में उस व्यक्ति के परिवार के अन्य सदस्य भी रहते हैं। यह विडंबना है कि नागपुर मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बैंच ने आरोपियों की संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगायी थी, लेकिन जब तक आदेश पहुंचा तब तक स्थानीय प्रशासन कार्रवाई कर चुका था। वैसे हकीकत यह भी है कि कोई अवैध निर्माण रातोंरात खड़ा नहीं हो जाता। जब उसका निर्माण होता है तो स्थानीय प्रशासन की नजर उस पर क्यों नहीं जाती। एकाएक ऐसी स्थिति क्यों पैदा हो जाती है कि उसे गिराने की तत्काल जरूरत पड़ती है। फिर तुरत-फुरत बुलडोजर चल जाता है। सवाल यह भी कि हर छोटे-बड़े, धनाढ्य वर्ग, प्रभावशाली नेताओं के अवैध निर्माण पर पीला पंजा क्यों नहीं चलता? निस्संदेह, बुलडोजर की गति राजाश्रय के संरक्षण में ही तेज होती है।

# राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी से संकट

**बीते दिनों महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने गंगा की स्वच्छता पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज देश की कोई नदी ऐसी नहीं है जो स्वच्छ हो और प्रदूषण मुक्त हो। विडम्बना यह है कि इसके बावजूद हम उन्हें स्वच्छ रखने में असफल रहे हैं। गौरतलब है कि गंगा की सफाई का जिम्मा केन्द्र सरकार के सात मंत्रालयों पर है, लेकिन हकीकत यह है कि गंगा अपने मायके से ही प्रदूषित हो रही है। उत्तराखंड सरकार की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि गंगा कई स्थानों पर जल शोधन संयंत्र से छोड़े गए पानी से ही प्रदूषित है।**

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, गंगा और यमुना जैसी नदियां कई दशकों से प्रदूषित हैं। परिणामस्वरूप, जलीय जीव संकट में हैं और मानव स्वास्थ्य भी गंभीर खतरे में है। अनियोजित शहरीकरण, बढ़ती आबादी और कारखानों से निकलने वाला गंदा पानी नदियों के अस्तित्व को खतरे में डाल रहा है।

बीते दिनों महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने गंगा की स्वच्छता पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज देश की कोई नदी ऐसी नहीं है जो स्वच्छ हो और प्रदूषण मुक्त हो। विडम्बना यह है कि इसके बावजूद हम उन्हें स्वच्छ रखने में असफल रहे हैं।

गौरतलब है कि गंगा की सफाई का जिम्मा केन्द्र सरकार के सात मंत्रालयों पर है, लेकिन हकीकत यह है कि गंगा अपने मायके से ही प्रदूषित हो रही है। उत्तराखंड सरकार की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि गंगा कई स्थानों पर जल शोधन संयंत्र से छोड़े गए पानी से ही प्रदूषित है। एनजीटी को भी इस बारे में जानकारी है। यह स्थिति केवल गंगा की नहीं, बल्कि देश की दूसरी नदियों की भी है।

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, गंगा और यमुना जैसी नदियां कई दशकों से प्रदूषित हैं। परिणामस्वरूप, जलीय जीव संकट में हैं और मानव स्वास्थ्य भी गंभीर खतरे में है। अनियोजित शहरीकरण, बढ़ती आबादी और कारखानों से निकलने वाला गंदा पानी नदियों के अस्तित्व को खतरे में डाल रहा है, साथ ही यह भूमिगत जल को भी प्रदूषित कर रहा है। विज्ञान और पर्यावरण केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार, घरों, फैक्टरियों और संस्थानों से निकलने वाला 72 फीसदी गंदा पानी सीधे नदियों और झीलों में जा रहा है, जिससे पेयजल और अन्य उपयोग के लिए पानी का संकट बढ़ता जा रहा है।



एनजीटी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में गंगा और उसकी सहायक नदियों में रोजाना 1100 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) सीवेज गिर रहा है। राज्य में गंगा किनारे बसे जिलों के 225 नाले सीधे नदियों में मिल रहे हैं, जबकि केवल 101 नाले एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) से जुड़े हैं।

देश की राजधानी दिल्ली की जीवन रेखा यमुना हजारों करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी गंदे नाले से भी बदतर हालत में है। उसका पानी न केवल लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है, बल्कि वह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। मौजूदा स्थिति यह है कि नई भाजपा सरकार नये संकल्प और यमुना सफाई के नये एजेंडे के साथ यमुना के पुनरुद्धार और कायाकल्प में जुटी है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी दिल्ली के 16 औद्योगिक क्षेत्रों में एसटीपी की कमी पर हैरानी जताई है और कहा है कि यमुना में बिना ट्रीटमेंट के अपशिष्ट पदार्थ खुलेआम गिराए जा रहे हैं। हकीकत यह है कि यहां एक-तिहाई क्षमता से एसटीपी काम कर रहे हैं और 11 क्लस्टरों के लिए प्लांट ही नहीं हैं। इसके लिए एसटीपी की क्षमता तीन गुना बढ़ानी होगी और निगरानी तंत्र को चौकस करना होगा, तभी कोई बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।

गौरतलब है कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति यमुना में प्रदूषण के लिए 60 फीसदी जिम्मेदार नजफगढ़ नाले को मानती है। असलियत यह है कि यमुना इतनी प्रदूषित हो चुकी है कि दिल्ली के अंदर और सीमा पर भी उसका जल नहाने लायक नहीं है।

आंकड़ों के अनुसार, एक समय देश में करीब 15,000 छोटी-बड़ी नदियां थीं, जिनमें से 30 फीसदी से ज्यादा आज सूख चुकी हैं। 4500 से ज्यादा छोटी या मंझोली नदियां केवल बारिश के दिनों में बहती हैं, और बाकी आठ-नौ महीनों में वे मृतप्राय रहती हैं।

देश की राजधानी दिल्ली की जीवनदायिनी यमुना में बरसात के दिनों में भले जलस्तर बढ़ा रहता है, लेकिन बाकी आठ-नौ महीनों में इसका जलस्तर काफी कम हो जाता है। गर्मी के दिनों में स्थिति और भयावह हो जाती है। यही हालत देश के अन्य राज्यों की छोटी-बड़ी नदियों की है, जहां की नदियों के साथ-साथ झीलों का जलस्तर भी कम हो गया है। उत्तराखंड में पर्यटन के लिए विख्यात नैनीताल की झीलें इसकी जीती-जागती मिसाल हैं, जिनका जलस्तर कम हो रहा है। मध्य भारत की गंगा कहलाने वाली पौराणिक नदी बेतवा की बात करें तो उसके उद्गम स्थल ही सिमट गए हैं। मध्य प्रदेश सरकार ने 2024 में बेतवा के उद्गम स्थल में जल गंगा संवर्धन योजना शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन उसका अभी तक क्रियान्वयन नहीं हुआ है।

सवाल यह है कि देश की नदियां साफ क्यों नहीं हो पा रही हैं। इस मामले में जल शक्ति मंत्रालय ने भी स्वीकार किया है कि इसमें सीवेज सिस्टम की खामी अहम कारण है। असलियत में नदियों के किनारे बसे शहरों के सीवेज सिस्टम में सुधार में नाकामी के कारण सीवेज का गंदा पानी सीधे नदियों में गिरकर उन्हें विषाक्त कर रहा है। इसके लिए उन शहरों के नगर निकाय पूरी तरह जिम्मेदार हैं। हालात यह हैं कि कहीं शोधन संयंत्र देखभाल के अभाव में खराब पड़े हैं, कहीं उनकी शोधन क्षमता उतनी नहीं है जितनी होनी चाहिए, कहीं जरूरत के मुताबिक उनकी तादाद बहुत कम है, और कहीं बिजली आपूर्ति समय पर न होने के कारण वे पूरे समय काम नहीं कर पाते। कहीं-कहीं शोधन संयंत्रों से गंदे नाले जोड़े ही नहीं गए हैं, नतीजतन वे सीधे नदियों में गिर रहे हैं।

हकीकत में सरकारें और नगर निकाय औद्योगिक रसायनयुक्त अपशिष्ट सीधे नालों या नदियों में गिरने से रोकने में नाकाम हैं। दुखद यह है कि इसके पीछे राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव मुख्य कारण है। इसमें दो राय नहीं कि यदि नदियों को स्वच्छ और निर्मल बनाना है तो लॉकडाउन जैसी सख्ती बरतनी होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।

# वक्फ का नया वक्त

वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में पेश कर दिया गया। उसका पारित होना लगभग तय है। विपक्ष में जो दल मान रहे थे कि तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी), जनता दल-यू, एलजेपी (रामविलास) और रालोद सरीखे धर्मनिरपेक्ष दल भाजपा के वक्फवादी एजेंडे को रोक सकते हैं, वे अब निराश होंगे, क्योंकि इन दलों ने वक्फ बिल पर भाजपा को समर्थन देने की घोषणाएं की हैं। चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, चिराग पासवान आदि ने जो संशोधन दिए थे, मोदी सरकार ने उन्हें बिल में समाहित कर लिया है। इस बिल के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बहुमत का शक्ति-परीक्षण भी साबित कर दिया है। साथ में “धर्मनिरपेक्षता” की परिभाषा भी बदल दी है। चूंकि भाजपा के इन सहयोगी दलों का अच्छा-खासा मुस्लिम जनाधार है, फिर भी उन्होंने वक्फ बिल पर मोदी सरकार को समर्थन दिया है। मुसलमानों का समर्थन लेना और उन्हें समर्थन देना ही धर्मनिरपेक्षता नहीं है। अब भाजपा-समर्थक भी धर्मनिरपेक्ष हैं। वक्फ बिल के संदर्भ में यह गौरतलब तथ्य है कि 2013 में कांग्रेस और भाजपा ने संसद में कुछ संशोधन पारित कराए थे। किसी भी दल ने वक्फ कानून में उन संशोधनों का विरोध नहीं किया था। तब भाजपा की ओर से शाहनवाज हुसैन और मुख्तार अब्बास नकवी सरीखे सांसदों ने संशोधनों का सत्यापन भी किया था। 2019 तक वक्फ की तमाम संपत्तियों का जब डिजिटलीकरण किया गया, तब भी भाजपा का सहयोग रहा। 2013 में केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार थी और ऑनलाइन रिकॉर्ड बनाने के दौरान मोदी सरकार थी। वक्फ कानून 1954 में बना, लेकिन 1955 और 1995 में भी संशोधन पारित किए गए। हर बार केंद्र में कांग्रेस सरकार थी। अब मौजू सवाल यह है कि वक्फ कानून का पुराना वक्त खत्म क्यों माना जा रहा है और नए वक्त की जरूरत क्या और क्यों है?

करीब 9.4 लाख एकड़ जमीन और 8.72 लाख संपत्तियों के मालिक वक्फ बोर्ड की कानूनन जवाबदेही और पारदर्शिता अनिवार्य है। इतनी व्यापक मिल्कीयत बेहिसाबी नहीं रखी जा सकती। यही संवैधानिक स्थिति है। ओवैसी सरीखे मुस्लिम सांसद और असंख्य मौलाना, मुफ्ती प्रस्तावित बिल की जो व्याख्या करते आ रहे हैं, वह कमोबेश भारत में संभव नहीं है। किसी भी समुदाय के मौलिक अधिकारों पर कोई प्रहार नहीं किया जा सकता। यही भ्रम “नागरिकता संशोधन बिल” के दौरान भी फैलाया गया था। क्या किसी एक भी भारतीय मुसलमान की नागरिकता छिनी या उन्हें हिरासत-केंद्र में कैद किया गया? ओवैसी की जमात इन सवालों पर खामोश रहती है। दरअसल वक्फ बोर्ड किसी भी संदर्भ में निरंकुश नहीं हो सकता। किसी भी संपत्ति पर वह उंगली रख दे, वह वक्फ बोर्ड की नहीं हो सकती। संशोधन बिल में “धर्मपरिवर्तन” सरीखे प्रावधान भी जोड़े गए हैं। यदि किसी को मुसलमान बने अथवा इस्लाम धर्म कबूल किए 5 साल नहीं हुए हैं, तो वह अपनी संपत्ति “वक्फ”, यानी अल्लाह के नाम दान, नहीं कर सकेगा। इससे “धर्मपरिवर्तन” की स्थिति भी साबित हो सकेगी। यह भी कानूनी मामला है। किसी शख्स के नाम पंजीकृत जमीन को ही वक्फ किया जा सकता है। सबसे अहम बदलाव यह होगा कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियों और उनके खातों का ऑडिट भी होगा। यह केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकार-क्षेत्र में होगा। यह साफ करना जरूरी है कि वक्फ बोर्ड धार्मिक नहीं, प्रशासनिक निकाय है। संसद संशोधन कर सकती है।

# मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने बदली शहर की तस्वीर

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

सीरियस मिजाज, तोल-मोल के बोलने वाले और बातों के धनी मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कुछ वर्षों में मुरादाबाद की तस्वीर बदल दी है। उनकी कल्पनाएं और सोच आम अफसरों से परे है। नेशनल प्रेस टाइम्स की विशेष बातचीत में मंडलायुक्त सिंह ने शहर की तरक्की को साझा किया और बताया कि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को बहुत अच्छी तरह से समझा और यहां के लोगों से घुला मिला, इसके बाद एहसास हुआ। यहां के लोगों को कुछ यादगार चीजें देनी चाहिये। मंडलायुक्त सिंह ने बताया कि शहर मुरादाबाद को पर्यटन के नक्शे पर उभारने और जोड़ने के लिए यहां बुद्धि विहार फेज-2 में वार मेमोरियल और संविधान-साहित्य पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा चौधरी चरण सिंह चौक से कैल्टन स्कूल तक शहर की पहली ग्रीन सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है।



मंडलायुक्त मुरादाबाद आंजनेय कुमार सिंह



वार मैमोरियल



: संविधान साहित्य पार्क

### वार मेमोरियल

देश सर्वप्रथम का विचार रखने वाले मंडलायुक्त आंजनेय कुमार ने बताया कि वार मेमोरियल की परिकल्पना इस लिहाज से की गई है, जब यह पूर्णरूप से बनकर तैयार हो जाएगा। तब इसके अंदर लाइट एंड साउंड सिस्टम भी लगाया जाएगा। जब आप इसके अंदर जाएंगे तो आपको को वार जोन की फीलिंग आएगी और आप अपने भारत माता की रक्षा के लिए तैनात सैनिकों के मर्म को अच्छी तरह से समझ सकेंगे।

### संविधान साहित्य पार्क

साहित्य में रचने बसने वाले मंडलायुक्त सिंह ने बताया कि करीब दस करोड़ की लागत से संविधान साहित्य पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जिसमे देश के संविधान की झलक देखने को मिलेगी। संविधान के प्रतीक लगेंगे। लोगों के संदेश लिखे रहेंगे। इसके अंदर एक संविधान पुस्तकालय का भी निर्माण किया जा रहा है, जहां पर अपने संविधान के बारे में पढ़ने और समझने सहित अन्य ज्ञान अर्जन का लोगों को अवसर मिलेंगे।

### ग्रीन सड़क का निर्माण

मंडलायुक्त सिंह ने प्रकृति की सुंदरता को शहर में बनाये रखने के लिए चौधरी चरण सिंह चौक से कैल्टन स्कूल तक ग्रीन रोड के निर्माण पर बल दिया। 25 करोड़ की लागत से बन रही करीब ड़ेढ़ किलोमीटर लंबी यह सड़क जल्द ही तैयार हो जाएगी, जो ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (सीएम ग्रिड) योजना के तहत की जा रही है। मंडलायुक्त सिंह ने बताया कि सड़क पर ईवी चार्जिंग स्टेशन, फ्री वाईफाई, ग्रीन बेल्ट, सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट्स और आधुनिक ट्रैफिक लेन की सुविधा भी दी जा रही है। दूसरे चरण में मानसरोवर कॉलोनी से रामलीला मैदान लाइनपार, पारकर रोड और हैलट रोड को भी ग्रीन सड़क के रूप में विकसित किये जाने की योजना है।

### रोजगार के लिए 5 हजार कियोस्क का किया निर्माण

रेहड़ी और फुटपाथ पर बेतरतीब लगने वाली दुकानों से सड़कों पर अतिक्रमण होता था। इसका हल निकालते हुए पांच हजार कियोस्क बनाने का निर्णय लिया गया। मंडलायुक्त सिंह ने बताया कि स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत पांच हजार कियोस्क बनकर तैयार हो चुके हैं, जिसका आवंटन धीरे-धीरे नगर निगम की ओर से किया जा रहा है, जो व्यवस्थित और सुंदर भी है, जिस कियोस्क के निर्माण का आवंटन हो चुका है। वहां पर तमाम लोगों को रोजगार मिला हुआ है और शहरवासी लुत्फ उठा रहे हैं।

### आईये, जानते हैं कौन हैं मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के तेज तर्रार आईएएस अफसर एवं मुरादाबाद मंडल के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह का जन्म यूपी के मऊ जिले के सलाहाबाद गांव में हुआ है। उनके पिता डॉ. महेंद्र सिंह मऊ के डीसीएसके पीजी कॉलेज से भूगोल विभागाध्यक्ष और चीफ प्रॉक्टर के पद से सेवानिवृत्त हैं। 2005 सिक्किम कैडर के आईएएस अधिकारी सिंह, अखिलेश यादव की सरकार के समय 16 फरवरी 2015 को प्रतिनियुक्ति पर उत्तर प्रदेश आए थे। रामपुर आने के बाद आईएएस आंजनेय कुमार सिंह 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान चर्चा में आए। चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया। इन्हीं की रिपोर्ट पर चुनाव आयोग ने आजम खान के बेटे अब्दुल्लाह आजम की सदस्यता को रद्द कर दिया था। रामपुर डीएम रहने के दौरान के आपने यूपी के कद्दावर सपा नेता आजम खां और उनके सहयोगियों के जितने भी इल्लीगल काम थे। सब को बंद करवा दिया और सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। इस बीच योगी सरकार के सबसे प्रिय अफसरों की श्रेणी में शामिल हो गए। मार्च दो 2021 में प्रमोशन मिलने के बाद सरकार ने आपको मुरादाबाद मंडल का मंडलायुक्त बना दिया। तब से आप मुरादाबाद की कमिश्नरी को बखूबी चला रहे हैं।

# पहले भुगतान फिर डालेंगे टैंडर - ठेकेदार

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो**

मुरादाबाद । ठेकेदारों नेआरएफसी से कहा, पहले पिछले वर्ष का भुगतान दिलवाओ। तब टेंडर डालेंगे। इस पर आरएफसी ने उन्हें आश्वासन दिया। हालांकि ठेकेदार आश्वासन से मानने वाले नहीं है आरएफसी ने मंडल के सभी ठेकेदारों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान प्रभारी आरएफसी ने ठेकेदारों को जल्द भुगतान दिलाने का आश्वासन दिया। बैठक में संभागीय खाद्य नियंत्रक ने स्पष्ट किया कि गेहूं खरीद एक महत्वपूर्ण सरकारी कार्य है, जिसे हर हाल में करना ही है। उन्होंने ठेकेदारों से टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने का आग्रह किया और कहा कि भुगतान संबंधी समस्याओं को शासन स्तर पर सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही बकाया राशि का भुगतान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**पिछले वर्ष का भुगतान ना होने पर ठेकेदारों ने जताई नाराजगी**

बैठक में उपस्थित ठेकेदारों ने अपने पिछले वर्षों के लंबित भुगतानों पर नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि जब तक उन्हें भुगतान नहीं मिलता, वह नए टेंडर में भाग नहीं लेंगे। ठेकेदारों ने कहा कि बिना भुगतान के लगातार कार्य करना संभव नहीं है। बैठक में संभागीय खाद्य नियंत्रक ने कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

**गेहूं खरीद प्रक्रिया हो सकती है प्रभावित**

बैठक के दौरान यह भी चर्चा हुई कि कई गेहूं क्रय केंद्रों पर अभी तक हैंडलिंग और परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति नहीं हुई है, जिससे खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। संभागीय खाद्य नियंत्रक ने उच्च अधिकारियों से इसमें हस्तक्षेप करने और जल्द से जल्द ठेकेदारों की नियुक्ति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। कहा, केंद्रों पर जिन्होंने योगदान नहीं दिया है, उन्हें दो दिनों के भीतर योगदान करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। योगदान नहीं करने पर उन्हें काली सूची में डाल दिया जाएगा।

# बिहार के राज्यपाल ने मथुरा में दो स्कूलों का किया उद्घाटन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा । बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहमद खान ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहवन के नवीनीकृत निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। समारोह में राज्यपाल श्री खान ने शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज की प्रगति सुनिश्चित हुई है। शिक्षा न केवल व्यक्तियों को सशक्त बनाती है बल्कि हमारे संयंत्रों के आस-पास के समुदायों के समग्र विकास को भी उत्प्रेरित करती है। शिक्षा सबसे शक्तिशाली मार्ग है जिसके माध्यम से हम एक मजबूत अधिक विकसित भारत के निर्माण में योगदान करते हैं। इन स्कूलों के नवीनीकरण में बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे नवीनीकरण पुनर्निर्माण छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालयों के साथ बेहतर स्वच्छता सुविधाएँ पीने के पानी के स्टेशन आवश्यक कक्षा फर्नीचर आदि प्रदान किया गया है। सनश्योर एनर्जी द्वारा सीएसआर के फंड से दो विद्यालयों का नवीनीकृत कार्य कराया गया है। सनश्योर एनर्जी भारत के अग्रणी व्यवसायों के लिए पसंदीदा अक्षय ऊर्जा समाधान प्रदाता है जो हरित ऊर्जा में परिवर्तित हो रहे हैं। मथुरा के लोहवन में दो नए नवीनीकृत विद्यालयों जिसमें राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन बुधवार को बिहार के राज्यपाल ने किया। उद्घाटन समारोह में पूरन प्रकाश विधायक बलदेव जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय उप जिलाधिकारी सदर निशा ग्रेवाल आदेश कुमार उप जिलाधिकारी महावन सुनील दत्त बेसिक शिक्षा अधिकारी और दिनेश कुमार त्रिपाठी खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सनश्योर एनर्जी के संस्थापक सीईओ और अध्यक्ष शशांक शर्मा और सह संस्थापक तरुणवीर सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया।

# व्रन्दावन में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के समर्थन में आए संत

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। वृंदावन में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के समर्थन तथा हिंदू नववर्ष के अवसर पर संकट मोचन सेना और सीता रसोई ने श्रीजी की बड़ी कुंज, में एक संत और सनातनी सभा का आयोजन किया। इस सभा में संत, विद्वान, धमार्चार्य, तीर्थ पुरोहित, ब्रजवासी और मातृशक्ति मौजूद रहीं। सभा की अध्यक्षता करते हुए संत गोपेश कृष्ण दास, स्वामी देव आनंद बन महाराज और जुगल किशोर बाबा ने कहा कि ताजमहल हो या संसद, हर जगह वक्फ की संपत्ति बताना यह केवल दुर्भाग्यपूर्ण नहीं बल्कि देशद्रोह का मामला है। उन्होंने कहा कि भारत में सर्वोच्च सत्ता भारतीय संविधान की है और इस कारण वक्फ बोर्ड के नाम पर जगह-जगह कब्जा करने की प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। आचार्य मृदुल कांत शास्त्री, धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश और राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने सनातनियों के एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब तक सनातनियों में एकजुटता नहीं होगी तब तक दूसरे लोग इसका लाभ उठाते रहेंगे। ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद बल्लभ गोस्वामी ने बच्चों में संस्कार जागृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। हनुमत आराधना मंडल के अध्यक्ष अशोक व्यास, भागवत आचार्य विपिन बापू, विमल चैतन्य ब्रह्मचारी, प्रिया शरण, भागवत आचार्य सुमंत कृष्ण शास्त्री, पंडित अश्विनी मिश्रा, हरिहर मुदगल, दामोदर गोस्वामी, संजय पंडित पाराशर, ब्रह्मदेव द्विवेदी आदि मौजूद थे।

# विप्रा ने वृंदावन खादर में अवैध रूप से बनाई जा रही कॉलोनी की ध्वस्त



मथुरा। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक भी दो दिन पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए अक्रूर मंदिर के सामने खादर क्षेत्र में बिना स्वीकृत बनाई जा रही कॉलोनी को जमीदोज कर दिया। यह कार्रवाई उपाध्यक्ष एसबी सिंह के आदेश पर की गई। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक चार अप्रेल को होने जा रही है। इससे पहले प्राधिकरण के अभियंताओं ने उपाध्यक्ष के सख्त आदेश के बाद अवैध निर्माण के खिलाफ नए सिरे से कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी प्रक्रिया में बुधवार को वाद संख्या 70 /2023 -2024 के अंतर्गत दिनेश पाठक महिपाल सिंह पुत्र कालीचरण प्रेमचंद द्वारा खसरा संख्या 191 एवं 192 ग्राम अक्रूर वृंदावन में अक्रूर मंदिर के सामने खादर क्षेत्र में बिना स्वीकृत विकसित की जा रही कॉलोनी में बने पक्के निर्माण जेसीबी से जैत पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त किए गए । इससे पहले भी कॉलोनी को 15 सितम्बर 2024 को ध्वस्त किया जा चुका है।

कॉलोनी में बन रहे मकानों के कालम तोड़ दिए गए साइड ऑफिस नाली प्लाटिंग सड़क तथा बाउंड्री का गेट भी ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण के दौरान सहायक अभियंता अशोक कुमार चौधरी अवर अभियंता दिनेश कुमार गुप्ता अनिरुद्ध यादव तथा प्राधिकरण का स्टाफ मौजूद रहा।

# गोवर्धन में फर्जी यूपीआई बनाकर 17 लाख निकाले, रिपोर्ट दर्ज

मथुरा। गोवर्धन में थाना क्षेत्र के नगला पहलवारिया निवासी व्यक्ति ने बेटे के दोस्त पर फर्जी यूपीआई बनाकर खाते से 17 लाख रुपये निकालने का आरोप लगाया है। एसएसपी के आदेश पर नामजद के खिलाफ थाना गोवर्धन में मुकदमा दर्ज कराया गया है। तहरीर में मानसिंह ने बताया कि जमीन बिक्री के 35 लाख रुपये उनके बैंक खाते में जमा थे। जरूरत पड़ने पर बेटे वीकेश को एटीएम से रुपये निकालने के लिए भेज देते थे। बेटा गांव के ही दोस्त विष्णु को साथ ले जाता था। आरोप है कि विष्णु ने एटीएम कार्ड के पिन नंबर की जानकारी की और अपने फोन से उनके खाते की फर्जी यूपीआई बना ली। विष्णु ने पिछले साल अगस्त से नवंबर तक अपने मिलने वालों के खातों में 17 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब उन्होंने बैंक से खाते में एंट्री कराई तो पैसे निकालने की बात चली।

पंचायत के माध्यम से मामले को सुलझाने का प्रयास किया तो आरोपी ने गाली देकर जान से मारने की धमकी दी।

# यूपीः प्रदेश के सभी मदरसों में लागू हुआ एनसीआरटी पाठ्यक्रम, मदरसा शिक्षा परिषद की तरफ से जारी हुआ आदेश

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



लखनऊ। यूपी के सभी मदरसों में नए शैक्षिक सत्र 2025-26 से राष्ट्रीय शैक्षिक व अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की तर्ज पर पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है।

राजधानी सहित प्रदेश के सभी मदरसों में नए शैक्षिक सत्र 2025-26 से राष्ट्रीय शैक्षिक व अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की तर्ज पर पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को इसी सत्र से कक्षा एक से तीन तक एनसीईआरटी की किताबें दी जाएंगी। इस संबंध में मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

सभी मदरसों में बेसिक शिक्षा परिषद की तर्ज पर इस साल से बच्चों को एनसीईआरटी की किताबें दी जाएंगी। इस संबंध में मदरसा बोर्ड की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि बेसिक शिक्षा विभाग अपने विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू कर रहा है। इसी प्रकार से प्रदेश के मान्यता प्राप्त राज्यानुदानित मदरसों में भी चरणबद्ध तरीके से एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है।

ये है उद्देश्य-मदरसों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक स्तर की शिक्षा में एकरूपता को लाना है।

मदरसों में लागू होगी व्यवस्था - शैक्षिक सत्र 2023-24 से बेसिक शिक्षा की तरह मदरसों में कक्षा एक से आठ तक एससीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू है। अब जिस तरह से सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से तीन तक एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू किया गया है वही व्यवस्था मदरसों में भी लागू की जा रही है।

**- आरपी सिंह रजिस्ट्रार**

# वार्ड संख्या 03 में पार्षदा सारिका राणा की निगरानी में शुरू हुआ विशेष सफाई अभियान

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**




मोदीनगर। वार्ड संख्या 03 में नवरात्र पर्व के चलते विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड के विजयनगर व हनुमान पुरी में साफ-सफाई कराने के साथ साथ टूटी हुई नालियों व पुलिया आदि का मरम्मत कार्य भी कराया गया। सफाई अभियान में संचारी रोग से बचाव हेतु क्षेत्र में कीटनाशक दवाओं का भी छिड़काव किया। पार्षदा सारिका राणा ने बताया कि विनोद वैशाली चेयरमैन मोदीनगर व नरेंद्र मोहन मिश्र अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में वार्ड में मच्छरों व संचारी रोग से बचाव के लिए लगातार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाएगा। सनातनी पावन पर्व नवरात्र के दौरान क्षेत्र के सभी मंदिरों पर रोजाना सफाई अभियान चलाया जाएगा जिससे श्रद्धालुओं को कोई पूजा अर्चना करने के दौरान कोई समस्या का सामना न करना पड़े।

## आज पूरे प्रदेश के जिला और शहर अध्यक्षों से मिलेंगे राहुल गांधी

लखनऊ। कांग्रेस संगठन से जुड़े लोग आज राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात करेंगे। ज्यादातार पदाधिकारी आज रात रवाना हो गए हैं।

कांग्रेस के सभी जिलाध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों की बैठक शुक्रवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में होगी। बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संवाद करेंगे। माना जा रह है कि शीर्ष नेतृत्व जिला व महानगर अध्यक्षों से यहां के सियासी हालात की जानकारी लेकर भविष्य की रणनीति बनाएगा। पार्टी के ज्यादातर जिला व शहर अध्यक्ष बृहस्पतिवार देर रात ही दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। जिलाध्यक्षों ने बताया कि उनसे अपने जिले के सामाजिक समीकरण, विधानसभा क्षेत्रवार सियासी हालात के आंकड़े जुटाने को कहा गया है। मौका मिला तो शीर्ष नेतृत्व को उससे वाकिफ कराएंगे।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को बांटे रिपोर्ट कार्ड



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। गुरुवार को जीजीआईसी में छात्राओं को 2025 की परीक्षा का परीक्षाफल वितरित किया गया। प्रथम द्वितीय व तृतीय प्राप्त स्थान की छात्राओं को प्रधानाचार्य वंदना शर्मा एवं समस्त स्टाफ के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। तथा छात्राओं को इस खुशी के अवसर पर मिष्ठान के रूप में टॉफियां वितरित की गई और उनका उत्साह वर्धन किया गया प्रधानाचार्य वंदना शर्मा के द्वारा समस्त स्टाफ एवं छात्राओं को नए सत्र की शुभकामनाएं दी गई एवं छात्राओं को मेहनत करके आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया इस अवसर पर विद्यालय में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## वार्ड संख्या 03 में पार्षदा सारिका राणा की निगरानी में शुरू हुआ विशेष सफाई अभियान

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

मोदीनगर। वार्ड संख्या 03 में नवरात्र पर्व के चलते विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड के विजयनगर व हनुमान पुरी में साफ-सफाई कराने के साथ साथ टूटी हुई नालियों व पुलिया आदि का मरम्मत कार्य भी कराया गया। सफाई अभियान में संचारी रोग से बचाव हेतु क्षेत्र में कीटनाशक दवाओं का भी छिड़काव किया। पार्षदा सारिका राणा ने बताया कि विनोद वैशाली चेयरमैन मोदीनगर व नरेंद्र मोहन मिश्र अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में वार्ड में मच्छरों व संचारी रोग से बचाव के लिए लगातार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाएगा। सनातनी पावन पर्व नवरात्र के दौरान क्षेत्र के सभी मंदिरों पर रोजाना सफाई अभियान चलाया जाएगा जिससे श्रद्धालुओं को कोई पूजा अर्चना करने के दौरान कोई समस्या का सामना न करना पड़े।

# राया में संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती महिला की मौत

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। राया थाना क्षेत्र के गांव कटैला में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतका चार माह की गर्भवती थी। ससुरालीजनों ने किसी को बिना बताए महिला का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने बुधवार को जले शव के अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राया के गांव कटैला निवासी विपिन का विवाह पांच माह पूर्व बुलंदशहर निवासी 20 वर्षीय रिया के साथ हुआ था। रिया चार माह की गर्भवती थी। गत मंगलवार रात रिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। ससुरालियों ने बिना मायके पक्ष को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बुधवार को किसी ग्रामीण ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। सीओ महावन धर्मेंद्र चौहान, प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने श्मशान घाट पहुंचकर शव के अवशेष एकत्रित किए और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस को घर पर मिली वृद्ध महिला ने बताया कि रिया गर्भवती थी और उसका पुत्र पेट में मर गया था। इसके चलते रिया की तबीयत खराब होने से उसकी मौत हो गयी। सीओ महावन धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि घटना के बाद से पति, देवर, सास-ससुर फरार हैं। घटना के संबंध में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। मायके पक्ष को सूचना दे दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**मंत्रिमंडल विस्तार** | यूपीः प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार में रालोद का भी दावा

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद होगा कैबिनेट विस्तार

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



लखनऊ। यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार की खबरों के बीच रालोद ने भी एक मंत्री को बनाने की बात कही है। मालूम हो कि इस समय रालोद के प्रदेश में इस समय नौ विधायक हैं।

प्रदेश में कैबिनेट विस्तार की चचाओं के बीच राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) भी एक मंत्री पद के लिए दावा पेश कर रहा है। पार्टी के विधायक अनिल कुमार को पिछले विस्तार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। पार्टी का कहना है कि अभी उसके कोटे का एक मंत्री बनना बाकी है।

दरअसल, प्रदेश में कई दिनों से कैबिनेट विस्तार की चचाएं चल रही हैं। अब यह कहा जा रहा है कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की तैनाती होने के साथ ही कैबिनेट विस्तार होगा। इसमें कुछ मंत्रियों के पर कतरने तो कुछ नए चेहरे शामिल करने की चर्चा है। इस बीच भाजपा के सहयोगी दल रालोद में भी हलचल तेज है। प्रदेश में नौ विधायकों वाली पार्टी एक और मंत्री पद पर दावा कर रही है।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि भाजपा से हमारी बात दो सांसद के साथ प्रदेश में दो मंत्री व एक एमएलसी पद पर हुई थी। ऐसे में प्रदेश में अनिल कुमार कैबिनेट मंत्री और योगेश दीक्षित एमएलसी बन चुके हैं। केंद्र में भी एक कैबिनेट मंत्री के साथ हमारे दो सांसद हैं। इस लिहाज से प्रदेश में अभी हमारे कोटे के एक मंत्री का दावा मजबूत है। उन्होंने कहा कि पार्टी इसके लिए कोई दबाव नहीं बना रही है, लेकिन विश्वास है कि हमारा हक मिलेगा।

**अशरफ और बालियान के नाम की चर्चा**

पार्टी सूत्रों के अनुसार रालोद कोटे से जिनको मंत्री बनाया जा सकता है, उसमें शामली के थाना भवन से विधायक अशरफ अली और मुजफ्फरनगर की बुढ़ाना से विधायक राजपाल बालियान का नाम सबसे आगे है। जल्द ही इस मामले में रालोद नेतृत्व, भाजपा नेतृत्व से बात करके अपना दावा पेश करेगा। इसके लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली में डेरा भी डाल दिया है।

# रैकवार समाज ललितपुर के नेतृत्व में हुआ निषाद शिरोमणि भगवान निषाद राज गुह्यराज जयंती की विशाल शौभायात्रा का हुआ आयोजन

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर-विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि पर भगवान गुहराज निषादराज जयन्ती की विशाल शोभायात्रा का आयोजन जिला रायकवार समाज द्वारा स्थान श्री श्री 1008 श्री रिसाला मंदिर से प्रारम्भ होकर भ्रमण करते हुये वर्णी चौराहा, तुवन चौराहा, घण्टाघर, सावरकर चौक, तालाबपुरा, साई मंदिर, तुवन मंदिर आदि स्थानों से भ्रमण करते हुए यथावत रिसाला मंदिर पर समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न संगठनों तथा विभिन्न समाज भाईयों द्वारा जगह-जगह पर फूलों की बरसात करते हुये स्वागत व सत्यकार किया गया। इस विशाल शोभायात्रा में नगर,



मुहल्लों से परम्परागत झांकियों गाजे, बाजों के साथ हजारों की संख्या में माताऐ, बहिनों के साथ भगवान निषादराज जी की जयन्ती शांतिपूर्वक मनाई गयी। तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं भण्डारा सम्पन्न हुआ है।

इस शोभायात्रा में काशीराम माते, मोहन मास्टर, गरीबदास, गरीबे माते सदर, तिजू माते, पप्पू गोविन्द नगर, सोनू, शंकर छिल्ला, रवि, पुष्पेन्द्र, संतोष एडवोकेट, राज रैकवार उर्फ सपन, निशांक रैकवार, मुकेश रैकवार, निक्की रैकवार, द्वारिका रैकवार, विनोद रैकवार, नरेश रैकवार डू भरेन्द्र रैकवार, राकेश बाबूजी, चुन्नीलाल चौकाबाग, पंकज रायकवार पत्रकार,पूजा कश्यप पत्रकार, पूजा प्रधान तुर्का, नंदकिशोर, द्वारिका जाखलौन, घनश्याम टिकिया बाले, सुरेश पेंटर, महेन्द्र पेंटर, सोनू, धर्मेन्द्र, अशोक, खुमान माते, हीरा माते, पप्पू पलई, श्यामलाल, रामलाल, रामस्वरुप, ग्याप्रसाद, लल्लू, रिंकू, मनोज, शंकर छिल्ला, शंकर कम्पाउण्डर, जगदीश करमई, कैलाश डिस्क, लखन रैकवार, उमेश रैकवार, छक्की रैकवार, कल्लू चौधरी, नीरज, घनश्याम मुन्ना माते. हुकुम रैकवार, रामप्रसाद, पुष्पा रैकवार, लक्ष्मी रैकवार, भारती रैकवार, प्रेमबाई, विनोद बाई, मुकेश घुसयाना, गिरीश रैकवार, राजकुमारी, लक्ष्मी, गायत्री सहित काफी संख्या में समाजबन्धु उपस्थित रहें। संचालन मुन्नालाल भगत ने किया अंत में सभी का आभार महेश टाइपिस्ट नेता जी ने व्यक्त किया।

देवी मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम का दौर जारी

# चैत्र नवरात्रि की पंचमी पर मां बीजासेन के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर



ललितपुर जनपद में मां दुर्गा के रूपों में की आराधना करने वालों में नवरात्रि पर्व को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है कोई नंगे पांव तो मंदिरों में जाकर सेवा कर रहे हैं तो कई खुद को निर्जल व्रत रखे हुए हैं चैत्र नवरात्रि की पंचमी का विशेष महत्व होता है इस दिन माता मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा अर्चना की तालाबपुरा स्थित मां बीजासेन माता मंदिर पर विशेष आरती और महाप्रसाद का वितरण किया गया मंदिरों में घंटा घड़ियाल के साथ माता रानी के जयकारे गूंज उठे भक्तों द्वारा मां बीजासेन को चुनरी पोशाक फल फूल रोली सिंदुर व चूड़ी अर्पित कर मनवांछित फल की कामना की समकालीन आरती के उपरांत मंदिरों में महिलाओं द्वारा विशेष भजन कीर्तन किए गए महिलाओं द्वारा मंदिर में रोली महावर की सुहाग की लंबी आयु की कामना की मंदिर में उपस्थित पुजारी प्रकाश पंडा चरण सेवक उमेश गोस्वामी अरविंद कुमार संज्ञा वरिष्ठ पत्रकार रज्जन चौबे पंकज कुमार रायकवार पत्रकार अमित राठौर महेंद्र सोनी अनिल गिरी राहुल सोनी टिक्कू सोनी आशु चतुर्वेदी अशोक सोनी लल्लू तरुण रैकवार विकास वरुण विशाल अरुण ऋषि आदि।

## संक्षिप्त समाचार

### फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

ललितपुर। माहरौनी के ग्राम पचौडा में एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। ग्राम पचौडा निबासी फेरन पाल पुत्र दयाराम उम्र 32 वर्ष के परिजनों ने बताया कि फेरन शराब के नशे का आदी था। बीते मंगलवार की रात्रि वह शराब के नशे में घर आया और सोने चला गया। बुधवार की सुबह युवक के भाई ऊदल ने अटारी पर करी से शर्ट के फंदे पर उसका शव लटका देख परिजन व पुलिस को सूचना दी। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि वह आविवाहित था, उसने शराब के नशे का आदी होने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी दी है। मृतक दो भाई व एक बहन में छोटा था।

### दिव्यांग मासूम के शरीर में काट कर दाँतों से काटा गुप्तांग, मौत

ललितपुर थाना जखौरा के ग्राम विनैका तोरन में सात वर्षीय दिव्यांग मासूम के साथ एक मासूम ने हैवानियत दिखाते हुये उसके शरीर पर कई जगह काटने के बाद दाँतों से उसके गुप्तांग को काट लिया। गंभीर रूप से घायल हुये मासूम की झाँसी में मौत हो गयी। मासूम की माँ ने बाल अपचारी पर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम विनैका तोरन निवासी सुजान सिंह का सात वर्षीय पुत्र छोटी राजा जन्म से ही दिव्यांग था। दोनों पैर खराब होने के कारण उसके परिजन उसे घर पर अकेला छोडकर काम से चले जाते थे। बीते मंगलवार को उसकी माँ भावना उसे चारपाई पर लिटा कर कर मवेशी चराने गयी थी। तो वहीं उसका पिता खेत पर काम करने गया था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक मासूम कुंदी खोलकर घर के अंदर जा पहुंचा, मवेशी चराने के बाद मासूम की माँ घर आयी, तो उसने दरवाजा खोलकर अंदर जाकर देखा तो किशोर चारपाई पर बैठा हुआ था। मासूम की माँ को आता देख वह मौके से भाग गया। मासूम के ऊपर से चादर हटाकर देखने पर उसकी माँ ने मासूम के शरीर पर कई जगह काटने के निशान देखे, तो वहीं मासूम के गुप्तांग को दाँती से काटने के निशान देख गंभीर रूप से घायल मासूम को उपचार के लिये आनन-फानन में जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मासूम की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे झांसी रिफर कर दिया। झांसी पहुँचने पर चिकित्सकों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। मृतक दो भाई व एक बहन में बढ़ा था। मासूम की माँ ने घटना की सूचना थाना जखौरा पुलिस को देकर किशोर पर कार्यवाही की मांग की है।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

ललितपुर थाना बालाबेहट के ग्राम हनौतिया में दो पक्षों के बीच एक दूसरे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दोनो पक्षों पर केस दर्ज किया है। ग्राम हनौतिया निवासी रघुराज सिंह पुत्र बाबूलाल यादव ने पुलिस को तहरीरदेकर बताया कि 31 मार्च को वह गांव में था। तभी गांव का पहाड सिंह पुत्र बाबूलाल यादव अपने तीन अन्य साथियों के साथ आकर गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गये। तो वहीं दूसरे पक्ष से ग्राम हनौतिया निवासी देवी सिंह पुत्र बाबूलाल यादव ने पुलिस को बताया कि बीते रोज वह गांव में था। इसी दौरान विपक्षी रघुराज सिंह पुत्र बाबूलाल अपने दो अन्य साथियों के साथ आकर गाली गलौज कर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने दोनो पक्षों की शिकायत पर नामजद आरोपितों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किया है।

### महिला व उसकी बहन के साथ की मारपीट

ललितपुर थाना बानपुर के ग्राम बानौनी निवासी रिकी यादव पत्नी भवानी सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि एक अप्रैल को वह बहन के साथ गांव में थी। इसी दौरान गांव का प्रीतम सेन पुत्र संखे अपने तीन अन्य साथियों के साथ आकर गाली गलौज करने लगा, मना करने पर आरोपित मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मारपीट से क्षुब्ध होकर हरेन्द्र ने की थी आत्महत्या, केस दर्ज

ललितपुर थाना जाखलौन के ग्राम जीरोन में बीते रोज ट्रेन के आगे कूद कर युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आत्महत्या को प्रेरित करने के आरोप में एक नामजद व तीन अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम जीरोन निवासी रविन्द्र पुत्र फूलचन्द्र अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते तीस मार्च को उसका भाई हरेन्द्र रात्रि के समय खेत पर गेंहू की फसल काटने के लिये जा रहा था। तभी गांव में रहने वाले आरोपित रितिक पुरोहित पुत्र राजू व तीन अन्य आरोपितों ने उसका रास्ता रोककर गाली गलौज कर मारपीट करते हुये चले गये। आरोपितों की मारपीट से क्षुब्ध होकर पीडित के भाई ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने के आरोप लगाये है। पुलिस ने नामजद व अज्ञात आरोपितों के खिलाफ आत्महत्या को प्रेरित करने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# आम लोगों को भ्रमित कर रही है भाजपा करकार- विशाल भाई



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः सपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट के पहाड़ी ब्लॉक अंतर्गत खरसेंडा गांव में पीडीए चर्चा का आयोजन किया। जिसमें सपाईयों ने भाजपा पर निशाना साधा।

कार्यक्रम में प्रदेश सचिव समरथ पाल ने कहा कि भाजपा सरकार देश को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान से न चलकर अपने विधान से चलने का प्रयास कर रही है। देश के गृह मंत्री द्वारा डॉ. अंबेडकर का संसद के अंदर अपमान किया गया। भाजपा सरकार में पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों हमला होना आम बात हो गई है। समाजवादी पार्टी के दलित सांसद रामजीलाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर हमला इसी का उदाहरण है। देश में बेरोजगारी सुरसा जैसी विकराल होती जा रही है, लेकिन सरकार लोगों को भ्रमित करने में ही अपनी सारी ऊर्जा नष्ट कर रही है। सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए के लोग अपने हक अधिकार और आरक्षण के लिए सजग हो रहे हैं। जिसका परिणाम 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा ने 37 सीटें जीतकर दिखा दिया है।

जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित करते हुए सड़कों से लेकर पुलों का जाल बिछाने का काम किया है। कन्या विद्या धन और लैपटॉप वितरण के माध्यम से शिक्षा एवं रोजगार को बढ़ाने का काम किया है। सपा सरकार में जनपद के मानिकपुर और राजपुर को तहसील का दर्जा, कर्वी ओवरब्रिज, स्टेडियम निर्माण, लोहिया आवास सहित अनगिनत योजनाओं को धरातल में उतारकर जनहित के कार्य कराए गए थे। वहीं भाजपा सरकार ने अपने आठ साल सिर्फ कोरे वादों पर गुजर दिए। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव ने किया।

इस मौके पर सदर विधायक अनिल प्रधान, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्भय सिंह पटेल, वरिष्ठ नेता राकेश प्रजापति, सूरज सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष राजा यादव, विशाल मिश्रा, संसद प्रतिनिधि डॉ अंकुर पटेल, रामप्रसाद यादव, लवलेश यादव, गुलाब खान, अजय यादव, अमर पटेल, जलाल खान, अनिल शर्मा, रामकिशोर कुरील, जागेश्वर यादव, रमा यादव, शोभा जोशी, राधेश्याम निषाद, हीरालाल पटेल, श्याम बिहारी यादव, कृतकेश्वर मिश्रा, सीताराम कश्यप, अश्विनी विक्की यादव, राधेश्याम निषाद, समीर विश्वकर्मा, संदीप प्रजापति, मुन्ना सोनकर, रामनरेश वर्मा, रामभिलाष दिवाकर, संदीप नहरा, मो. जीशान, सियाराम गुप्ता, उमाकांत यादव, अनिल दिवाकर, इरशाद, गौलाल यादव, मुन्ना यादव आदि मौजूद रहे।

# कथा वाचक आचार्य महेन्द्र शास्त्री को लौटाया खोया हुआ मोबाइल

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में कोतवाली कर्वी पुलिस ने खोये हुये मोबाइल को बरामद कर मोबाइलधारक के सुपुर्द किया।

कर्वी कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र सिंह ने बताया कि बीते बुधवार को कथा वाचक महेन्द्र शास्त्री निवासी गांधीगंज कोतवाली कर्वी ने अपने मोबाइल खो जाने के सम्बन्ध में पोर्टल पर शिकायत की थी। शिकायत प्राप्त होने पर कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने खोए हुए मोबाइल की लोकेशन रामघाट घाट पर पायी। इसके बाद कोतवाली कर्वी में नियुक्त आरक्षी पुष्पेन्द्र कुमार व महिला आरक्षी सोना यादव ने गुरुवार को मोबाइल बरामद कर कथा वाचक महेन्द्र शास्त्री को सुपुर्द कर दिया। खोया हुआ मोबाइल पाकर उन्होंने पुलिस की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया।

# नई शुरूवातः स्कूल के टॉपर बच्चों ने किया कक्ष का उद्घाटन

चित्रकूट ब्यूरोः यार्डलैंड इंटरनेशनल स्कूल के नव सृजित कक्ष एवं टॉपर बच्चों को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम स्कूल में ही मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक अनिल प्रधान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षक विधायक प्रतिनिधि विवेक श्रीवास्तव, दैनिक भानु प्रभात के संपादक भानु प्रताप और पूर्व प्रवक्ता प्रताप नारायण श्रीवास्तव रहे। इस कार्यक्रम की विशेष बात ये रही की नव सृजित कक्ष का उद्घाटन सभी क्लास के टॉपर बच्चों द्वारा किया गया। सदर विधायक ने स्कूल प्रबंधन से अनुरोध किया की मां सरस्वती की फोटो में माल्यार्पण के साथ साथ सभी को शिक्षा के लिए लड़ाई लड़ने वाले ज्योतिबा फूले की तस्वीर में भी माल्यार्पण किया जाए। कार्यक्रम का संचालन अवनीश श्रीवास्तव ने किया। अध्यक्षता यार्डलैंड स्कूल के प्रबंधक विजय निगम ने की। गुरुवार को चितरा गोकुलपुर सीतापुर में स्थिति यार्डलैंड इंटरनेशनल स्कूल में नव सृजित अभिभावक कक्ष का उद्घाटन और टॉपर बच्चों को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक विजय निगम ने एक नई परंपरा की शुरुआत करते हुए नवसृजित कक्ष का उद्घाटन सभी टॉपर बच्चों से कराया। साथ में मुख्य अतिथि सदर विधायक अनिल प्रधान और विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक ने स्कूल प्रबंधन की इस नई पहल की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में उत्साह बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने स्कूल प्रबंधक से कहा की बच्चों को इतिहास जरूर पढ़ाया जाए जिससे बच्चों को पता चले की हमारे महापुरुष कौन है। सदर विधायक ने स्कूल के सभी कार्यक्रमों में ज्योतिबा फूले की तस्वीर में भी माल्यार्पण करने का अनुरोध किया। जिससे बच्चों को पता चले की समान शिक्षा दिलाने के लिए इन्होंने कितनी मेहनत की।

# एक महीने से उखड़े पड़े घाट, बुंदेली सेना ने डीएम से जल्द पत्थर बदलने की मांग की

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल ने महाकुंभ के दौरान रामघाट के पत्थर तोड़ने का काम शुरू किया था। एक महीने से घाट उखड़े पड़े हैं और अब पत्थर लगाने की शुरूआत नहीं हो रही। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से मांग की है कि घाट में पत्थरों को बदलने का काम जल्द से जल्द शुरू कराया जाय।

बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रामघाट के पत्थर बदले जाने हैं। पत्थर बदलने के लिए पर्यटन विभाग ने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को अधिकृत किया है। संस्था ने महाकुंभ के दौरान युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर घाट के पत्थर तोड़ने का काम शुरू किया था। ऐसा लग रहा था कि आनन-फानन में पत्थर बदल दिए जाएंगे। छोटे पुल से बूडे हनुमान मंदिर की ओर रामघाट में कार्यदायी संस्था ने टीनशेड की बाड लगाकर घाट के पत्थर तोड़ने का काम किया। अब एक महीने से घाट उखड़े पड़े हैं, लेकिन विभाग को अब सुध नहीं है। यात्री और स्थानीय लोग उखड़े पड़े घाटों की वजह से परेशान हो रहे हैं, लेकिन विभाग को कोई परवाह नहीं है।

अप्रैल और मई महीने में यदि पत्थर बदलने का काम पूरा नहीं हो पाता, तो जून में बारिश और बाढ़ का दौर शुरू हो जाएगा। बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जल्द से जल्द रामघाट में पत्थर बदलने का काम शुरू किया जाए।

### ड्रोन कैमरे से की निगरानी

चित्रकूटः लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के पेश होने के दृष्टिगत जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर कोतवाली कर्वी क्षेत्र के धनुष चैराहा, पटेल तिराहा, एलआईसी तिराहा, काली देवी चैराहा, तरौहां एवं पुरानी बाजार सहित शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी।

### पीड़ित युवक ने लगाई न्याय की गुहार

चित्रकूट ब्यूरोः परिवार के ही दबंगों से परिवार युवक ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। रैपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भौंरी गांव के मसनी का पुरवा निवासी अभिलाष कुमार ने बताया कि स्व श्रीनारायण ने अपने जीवनकाल में ही अपनी चल-अचल सम्पत्ति की वसीयत वर्ष 2016 में उसके नाम कर दिया था। जिसके बाद वसीयत का दाखिल-खारिज कराकर वह स्व श्रीनारायण के छोटे भाई ठाकुरदीन के साथ कच्चे घर में रहने लगा था।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति मनीष गुप्ता ने किया धर्मनगरी का भ्रमण

चित्रकूट ब्यूरोः दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति मनीष गुप्ता के धर्मनगरी आगमन पर व्यापारी नेता व राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने स्वागत किया। मनीष गुप्ता ने अपनी टीम के साथ चित्रकूट के धार्मिक स्थानों का दर्शन करते हुए जगद्गुरु रामभद्राचार्य का आशीर्वाद लिया।

दिल्ली मुख्यमंत्री के पति मनीष गुप्ता अपनी टीम के साथ जनपद आए, जहां व्यापारी नेता राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने स्वागत किया। इसके बाद मनीष गुप्ता सहित सभी लोगों ने मंदाकिनी में स्नान कर भगवान कामतानाथ के दर्शन किए। साथ ही आरोग्यधाम में दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन के साथ नानाजी देशमुख के प्रकल्पों पर चर्चा हुई। उन्होंने



जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज का आर्शीवाद लेकर चित्रकूट के विषय में वार्ता की। इस दौरान उन्होंने रामदर्शन, स्फटिक शिला आदि स्थलों के दर्शन किए। दिल्ली मुख्यमंत्री के पति मनीष गुप्ता के साथ जनपद आए, भाजपा नेता बलराम गुप्ता, सचिन जैन, कपिल, दिनेश, धीरेंद्र, कमल, लोकेश, एसके शर्मा, अंकित सेठी, शनि, संदीप, भीम, लाजपत, आशीष, अनुराग, अंशुल, परमजीत, विकास, नितिन, आयुष व धर्मेंद्र को व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। चित्रकूट के बाद मनीष गुप्ता अपनी टीम सहित अयोध्या के लिए रवाना हुए।

इस मौके पर राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के युवा मंडल महामंत्री शेशू जायसवाल, आशीष गुप्ता, पार्षद शकुंतला गुप्ता, सचिव विनोद आर्य, युवा उपाध्यक्ष रविराज अग्रहरि, राकेश मोदनवाल, ललित जायसवाल, नारायण दास गुप्ता, सुशील पांडेय, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# रामनवमी शोभायात्रा के संचालन के लिए प्रशासन अलर्ट, आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

जोधप। रामनवमी की तैयारियों को लेकर पुलिस लाइन में पुलिस आयुक्त ने समन्वय बैठक की। इस बैठक में सभी विभागों की ओर से अपनी तैयारियों की जानकारी दी गई तथा आवश्यक समन्वय के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

रामनवमी पर 06 अप्रैल 2025 को निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्रा को लेकर सरदार पटेल सभागार, पुलिस लाइन में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त राजेन्द्र सिंह ने की, जिसमें पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित आयोजनकर्ता समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस आयुक्त राजेन्द्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी का पर्व हमारी आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसे शांतिपूर्ण और गरिमामय ढंग से मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शोभायात्रा के मार्ग में सुरक्षा, सफाई, जल व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, यातायात नियंत्रण एवं निगरानी की व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। पुलिस आयुक्त ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि शोभायात्रा के मार्ग में सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना के प्रसार को रोकने के लिए सतत मॉनिटरिंग की जाए तथा आवश्यकतानुसार तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में पुलिस उपायुक्त (पूर्व) आलोक श्रीवास्तव, पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) राजश्री राज वर्मा, पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय एवं यातायात अमित जैन, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) उदयभानु चारण सहित नगर निगम, विद्युत विभाग, अग्निशमन, चिकित्सा और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी विभागों द्वारा अपनी तैयारियों की जानकारी दी गई तथा आवश्यक समन्वय के लिए रूपरेखा तैयार की गई। आयोजनकर्ता समिति के सदस्यों ने शोभायात्रा की रूपरेखा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मार्ग से संबंधित जानकारी साझा की, जिस पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आवश्यक सुझाव देते हुए सभी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

बैठक के अंत में पुलिस आयुक्त ने आमजन से अपील की कि वे शोभायात्रा के दौरान प्रशासन का सहयोग करें। अनुशासन बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वस्तु की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। उन्होंने यह भी कहा कि रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश देने का अवसर है, जिसे सभी वर्गों को मिलकर शांतिपूर्ण और भव्य रूप से मनाना चाहिए।

# चलो बुलावा आया है मां सकराय वाली ने बुलाया है..... उदयपुरवाटी से शाकंभरी सकराय धाम तक निकाली जाएगी विशाल निशान पदयात्रा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं उदयपुरवाटी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के पावन पर्व पर श्री शाकंभरी कुटुम सकराय धाम के तत्वाधान में उदयपुरवाटी से शाकंभरी सकराय धाम तक विशाल निशान पदयात्रा निकाली जाएगी। उदयपुरवाटी मां शाकंभरी कुटुंब परिवार के मूलचंद सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि उदयपुरवाटी खेल मैदान के पास स्थित गणेश मंदिर से श्रद्धालु हाथों में निशान लिए नाचते गाते हुए शाकंभरी सकराय



धाम पहुंचेंगे। रामनवमी चैत्र नवरात्र के अवसर पर प्रातः सवा 10 बजे गणेश मंदिर से विशाल निशान पदयात्रा प्रारंभ होगी जो शाकंभरी सकराय धाम पहुंचेगी। जहां माता के दरबार में निशान अर्पित करेंगे एवं धोक लगाकर मन्नत मांगेंगे। मूलचंद सैनी के अनुसार इसी दौरान माता के दरबार में मां शाकंभरी कुटुंब परिवार के तत्वाधान में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। उदयपुरवाटी से शाकंभरी सकराय धाम तक मां शाकंभरी कुटुंब परिवार के सौजन्य से आयोजित की जाने वाली विशाल निशान पदयात्रा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

# करौली के इस मेले में क्यों चूड़ी और सिंदूर खरीदने आती हैं महिलाएं? क्या है धार्मिक मान्यता



करौली। उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्ति पीठ कैलादेवी में आयोजित होने वाला चैत्र लख्खी मेला श्रद्धालुओं के बीच आस्था का केंद्र बना हुआ है। हर साल लाखों श्रद्धालु इस मेले में पहुंचते हैं, विशेष रूप से सुहाग की चूड़ी और सिंदूर की खरीदारी करते हैं।

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध शक्ति पीठ के नाम से जाने जानी वाली कैलादेवी में लगने वाला चैत्र लख्खी मेला प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। यह मेला स्पेशल तौर पर श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है, जहां अलग-अलग राज्यों से दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में पहुंचते हैं। इस मेले की खास बात यहां बिकने वाली सुहाग की चूड़ी और सिंदूर है। धार्मिक आस्थाओं से जुड़ी मान्यताओं के अनुसार यहां विशेष तौर पर चूड़ियां और सिंदूर की खरीदारी होती है।

**पिछली बार से इस बार चूड़ी ज्यादा बिकने की उम्मीद**

चैत्र नवरात्रि लख्खी मेले में पिछली बार एक करोड़ के करीब महिलाओं ने अपने सुहाग के लिए चूड़ियों की खरीद की गई थी, लेकिन इस बार मेले में श्रद्धा के सैलाब को देखते हुए कांच की चूड़ी डेढ़ करोड़ तक बिकने की उम्मीद है। ये चूड़ियां केवल धार्मिक ही नहीं बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति का अहम हिस्सा माना जाता है। माना जाता है कि इन चूड़ियों के माध्यम से मां का आशीर्वाद सुहागिन महिलाओं पर बना रहता है।

**मेले 10 हजार किलो के करीब सिंदूर बिकने की उम्मीद**

इस मेले में अबकी बार 10 हजार किलो सिंदूर बिकने की उम्मीद लग रही है, क्योंकि पिछली वर्ष इतनी खपत नहीं थी, लेकिन इस श्रद्धालु माता के दर्शन करने के लिए भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि पहले स्थानीय लोग सिंदूर बनाते थे, लेकिन अब सिंदूर की वैरायटी बदली है। रेडीमेड सिंदूर आने लगा है, फिर भी 95 फीसदी बिक्री लाल सिंदूर की है। खासतौर पर महिलाएं अपने मंगलसूत्र और श्रृंगार में इस्तेमाल करती हैं। मंदिर में आने वाले भक्त सिंदूर चढ़ाने की परम्परा भी निभाते हैं, यह धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जाता है।

**व्यापारियों को होता है अधिक व्यापार**

दुकानदारों का कहना है कि मेले के दौरान कई राज्यों से माता के दर्शन करने के लिए भक्त पहुंचते हैं, जिससे हमारी दुकानों से चूड़ी, सिंदूर खरीदतें हैं, जिससे हमारा घर खर्च अच्छे से चल जाता है। बता दें कि चूड़ियां और सिंदूर का व्यवसाय व्यापारिक दृष्टिकोण से व्यापारियों के काफी लाभदायक होता है।

# विशेष योग्यजन के लिए इलैक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर क्रय के लिए सहायता योजना, 20 अप्रैल तक करें आवेदन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

खैरथल-तिजारा, 3 अप्रैल। राज्य सरकार द्वारा विशेष योग्यजन को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से इलैक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर क्रय हेतु सहायता योजना चलाई जा रही है।

ामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि मांसपेशीय दुर्विकार से ग्रसित 40 से 79 प्रतिशत दिव्यांगता वाले पीला प्रमाण-पत्र धारक अथवा 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले नीला प्रमाण-



पत्र₹धारक विशेष योग्यजन इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

आवेदन करने के लिए पात्र विशेष योग्यजन को 20 अप्रैल 2025 तक ऑफलाइन आवेदन जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, खैरथल तिजारा के कार्यालय में जमा करना होगा। आवेदन हेतु पेंशन पीपीओ, आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड व जनाधार कार्ड, राशन कार्ड, मूल-निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, फोटो, जन्मतिथि प्रमाण-पत्र होने आवश्यक है।

# जरूरतमंदों को ब्लड की कमी, ना हो अधिवक्ता करेंगे रक्तदान

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 3अप्रैल। अभिभाषक परिषद बूंदी , सकल जैन समाज बूंदी, जे सी आई बूंदी ऊर्जा, और महिला अधिकारिता विभाग बूंदी के संयुक्त तत्वावधान में 7 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:30 बजे से अभिभाषक परिषद बूंदी में ब्लड बैंक में खून की कमी को मध्य नजर रखते हुए जरूरतमंदों को ब्लड की कमी ना हो के उद्देश्य से दिनांक 7 अप्रैल को रक्तदान शिविर समय 10:30 बजे अभिभाषक परिषद कक्ष में आयोजित किया जाएगा

कार्यक्रम का उत्घाटन मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा द्वारा किया जाएगा कार्यक्रमकी अध्यक्षता जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय शुक्ला करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक बूंदी राजेंद्र मीना, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा और विजेपी जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीना रहेंगे। जिसमें सभी अभिभाषक परिषद के अधिवक्ता गण उपस्थित रहेंगे साथ ही अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करेंगे।उक्त कार्यक्रम में सहयोग हेतु अधिवक्ता संजय शर्मा व कविता कहार को प्रभारी नियुक्त किया गया है जो रक्तदान में सहयोग कर रक्तदान हेतु प्रेरित करेंगे रक्तदान शिविर होने से अधिवक्ता महोदय द्वारा रक्तदान करने से दिनांक 7 अप्रैल 2025 को बूंदी जिला मुख्यालय में स्थित समस्त न्यायालय में अधिवक्ता गण की ओर से कार्य स्थगित भी रखा जाएगा इस कारण से बूंदी जिला मुख्यालय के समस्त न्यायिक अधिकारी गणों को पत्र प्रेषित कर सहयोग करने व ऐसा अनुरोध भी किया जाय गा की ब्लड डोनेशन कैंप में पधार कर अनुग्रहित करते हुए अधिक से अधिक व्यक्तियों को रक्तदान हेतु प्रेरित किया जाएगा। रक्तदान शिविर में बीपी और शुगर की निशुल्क जांच की जाएगी साथ ही फुल बॉडी चैकअप में भी ज्यादा से ज्यादा रिहायत दी जाएगी

अभिभाषक परिषद बूंदी के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, सचिव संजय जैन, सहसचिव कविता कहार, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार लाठी, उपाध्यक्ष नारायण सिंह, पुस्तकालय सचिव सुरेन्द्र वर्मा, कार्यकरणी सदस्य जितेंद्र कुमार जैन, नईम हुसैन, शाहिस्ता परवीन, अजय मीना, उमाशंकर नागर और जे सी आई बूंदी ऊर्जा की प्रोजेक्टर हेड रानू खंडेलवाल सहित अभिभाषक परिषद के समस्त सदस्यों सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे। जानकारी अभिभाषक परिषद बूंदी के मीडिया प्रभारी एडवोकेट शिवराज नागर ने दी।

# बसवा में रविंद्र भाटी का शक्ति प्रदर्शन, पूर्वी राजस्थान में बढ़ती पकड़ से राजनीति में हलचल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

भरतपुर । निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने राजस्थान की राजनीति में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए भरतपुर संभाग में शक्ति प्रदर्शन किया। जयपुर से रवाना हुआ भाटी का काफिला, बसवा पहुंचते-पहुंचते 100 से अधिक गाड़ियों का हो गया।

पश्चिम से पूर्व तक अपनी पकड़ मजबूत करने के प्रयास में निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने राजस्थान की राजनीति में एक नई हलचल मचा दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह क्षेत्र और सचिन पायलट की कर्मभूमि माने जाने वाले भरतपुर संभाग में भाटी का भव्य स्वागत हुआ। जयपुर से जब भाटी का काफिला रवाना हुआ, तो उसमें मात्र 10 गाड़ियां थीं, लेकिन बसवा पहुंचते-पहुंचते यह संख्या 100 से अधिक हो गईं। रास्ते में 40 से ज्यादा जगहों पर भव्य स्वागत हुआ, जिसमें राजपूत, गुर्जर और मीणा समाज के युवा बढ़-चढ़कर शामिल हुए। यही वह स्थान है, जहां ₹सचिन पायलट आई लव यू₹ का नारा जन्मा था, लेकिन इस बार भाटी को भी युवाओं ने अपनी पलकों पर बैठा लिया।

राणा सांगा की समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि, या पूर्वी राजस्थान में विस्तार की रणनीति?

भाटी ने महाराणा सांगा के महाप्रयाण स्थल पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके साथ उत्तर प्रदेश के पूर्व एमएलसी ब्रजेश सिंह और भाजपा युवा नेता शशांक शेखर भी मौजूद रहे। इससे पहले भाटी ने राजेश पायलट के निर्वाण स्थल पर भी श्रद्धांजलि दी, जो उनके व्यापक सामाजिक समर्थन को दशार्ता है।

सपा सांसद रामजीलाल सुमन के बयान के बाद उबाल-हाल ही में सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा सदन में वीर शिरोमणि राणा सांगा पर की गई टिप्पणी के बाद राजपूत समाज सहित पूरे सर्व समाज में आक्रोश है। भाटी का यह कदम केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे समाज को एकजुट करने और राजनीतिक समीकरणों को साधने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

बसवाः राजस्थान की राजनीति का नया केंद्र?-बसवा क्षेत्र अब राजस्थान की राजनीति का नया पावर सेंटर बनता दिख रहा है। यह क्षेत्र मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सचिन पायलट दोनों के लिए अहम है। ऐसे में भाटी की मौजूदगी और उनके प्रति युवाओं का आकर्षण, आने वाले दिनों में नए राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे सकता है।

क्या राजपूत समाज की एकता की ओर बढ़ रहे हैं भाटी?-राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, भाटी की यह सक्रियता सिर्फ एक समाज तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे सर्व समाज को जोड़ने की एक सोच-समझी रणनीति है। राजस्थान की राजनीति में इस घटनाक्रम का कितना असर होगा, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा, लेकिन इतना तय है कि भाटी ने पूर्वी राजस्थान में अपनी दस्तक मजबूती से दे दी है।

भाटी का 36 कौमों को संदेश -रविंद्र सिंह भाटी ने महाराणा सांगा की समाधि स्थल पर दिए अपने भाषण में स्पष्ट कर दिया कि जो शूरवीर है वह 36 कौम के होते हैं और 36 कौम को मिलकर देश के इतिहास को शूरवीरों को और देश के गौरव को बचाना है। अगर हम काम में बैठे रहेंगे तो जो आज शूरवीरों के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। कल हमको भी मिटा दिया जाएगा। रविंद्र सिंह भाटी का 36 कौम को साधने का मैसेज पूर्वी राजस्थान में तेजी से अपनी जगह बना रहा है।

भाटी ने कहा कि कई लोग राजनीति चलाने के लिए अनर्गल टिप्पणियां करते हैं, -भाटी बोले राजनीति चलती है तो चल जाए नहीं तो खेती करके खा लेंगे। वहां बैठे लोगों से भी भाटी ने पूछा खेत है ना, जोत के खा लोगे तो लोगों ने भाटी की आवाज में आवाज मिलाई। भाटी पूर्वी राजस्थान में कहीं ना कहीं युवाओं को और अधेड़ को साधते हुए नजर आए। राजेश पायलट की प्रतिमा पर फूल चढ़ाना। मीना को साथ लेकर चलना। नरेश मीणा को अपना भाई बताना। राणा सांगा के माध्यम से राजपूत को साधना भाटी का एक अनूठा प्रयास रहा, जिसमें भाटी कल सफल दिखे।

वक्फ बिल', ■ 'मुसलमानों के हित में है वक्फ बिल'

# कोटा में बोले भू-जल मंत्री कन्हैया लाल, पेयजल पर किया मंथन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

कोटा। वक्फ बिल को लेकर मंत्री चैधरी ने कहा कि ये बिल बहुत जरूरी और अहम था। अब आने वाले समय में देश के लोगों की संपत्तियां वापस आएगी। सरकार की ओर से बहुत अच्छा कानून पास किया गया है।

राजस्थान के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी भू-जल मंत्री कन्हैया लाल चैधरी गुरुवार को कोटा दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने वक्फ बिल को लेकर कहा कि ये बिल बहुत जरूरी और अहम था। कई संपत्तियों पर कई लोग बोर्ड के नाम पर कब्जा करके बैठे थे और उनका दुरुपयोग कर रहे थे। आने वाले समय में देश के लोगों की संपत्तियां वापस आएगी। सरकार की ओर से बहुत अच्छा कानून पास किया गया है। मंत्री ने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पूरी टीम को राजस्थान की जनता की



तरफ से तहे दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि ये बिल बहुत पहले आ जाना चाहिए था। ये बिल मुसलमानों के हित में है। कई लोगों के पास 100 से 200 करोड़ की संपत्ति थी।

**कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण का काम किया--** मंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण का काम किया है। एक वर्ग विशेष को खुश करने के लिए पूरी राजनीति की है, लेकिन अब जनता सब जान चुकी है। कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ अपने वोट बैंक को साधने का काम करती है और अब तो उसका वोट बैंक भी जान चुका कि कांग्रेस हमें गुमराह करती है। मंत्री ने ये भी कहा कि अच्छा सिस्टम होते हुए भी यहां पर लोगों को तकलीफ है। इसमें जिम्मेदारों के खिलाफ जांच करवाई है। दोषी पाए जाने पर अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

**पेयजल पर कोटा और बूंदी के अधिकारियों के साथ बैठक**

कोटा दौरे के दौरान मंत्री चैधरी ने पेयजल से जुडे. मामले में विभाग के अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें कोटा और बूंदी के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में विधायक कल्पना देवी, संदीप शर्मा, भाजपा शहर अध्यक्ष राकेश जैन सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस बार गर्मी में कहीं पर भी पानी की दिक्कत नहीं आने देंगे। इसके लिए चाहे ट्यूबवेल लगाने पड़े या पुरानी लाइन बदलना पड़े। सरकार ने उसकी तैयारी कर ली है। पुरानी पाइपलाइन बदलने के प्रपोजलों को सेंशन दे दी है। किसी भी कंडीशन में 15 अप्रैल के पहले पूरे सिस्टम को सुधार कोटा को लेकर अमृत 2 योजना के तहत 400 करोड़ रुपये का एस्टीमेट बना देंगे।

# आरक्षित भूमि पर दबंगो का कब्जा,पैमाईश को पहुंचे राजस्व अधिकारी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**चौसाना।** यमुना बांध के किनारे नाईनंगला जाटान के रकबे मे स्थित रेत के लिये आरक्षित भूमि पर मंगलौरा के एक दबंग व नाईनंगला के अन्य लोगो द्वारा अवैध कब्जा करके खेती करने के आरोपो की जॉच पूर्व मे नायब तहसीलदार द्वारा की गई थी। जिसके क्रम मे राजस्व लेखपाल नाईनंगला के यमुना बांध के रकबे मे पहुँचें और भूमि की पैमाईश करते हुये निशापदेही की गई। जिसके बाद कब्जा पाये जाने पर कब्जामुक्ति की कार्यवाही की जायेगी। चौसाना के गांव नाईनंगला जाटान मे रेत के लिये आरक्षित भूमि के चक पर विवाद चला आ रहा है। आरोप है कि मंगलौरा के एक दबंग व्यक्ति ने करीब 35 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है और खेती कर रहा है। जबकि बाकी भूमि पर नाईनंगला के लोगो ने किया हुआ है। वही आरोपी पक्ष भूमि को साल्हापुर मे होने पर अपना दावा करता आ रहा है। जिसकी जॉच नायब तहसीलदार भी कर चुके है। लेकिन विवादो के निस्तारण को सर्वे लेखपाल दिनेश दूबे मौके पर पहुँचें और शिकायकर्ता प्रताप , योगेश, सुनील को मौके पर बुलाकर भूमि की पेमाइश की कार्यवाही को किया गया। पैमाईश देरशाम तक जारी रही। लेखपाल ने बताया कि शिकायतकर्ता की शिकायत पर आरक्षित भूमि को कब्जे मे करने के लिये आरोपी पक्ष के चको की भी पैमाईश की जायेगी। जिसके बाद कब्जे वाली आरक्षित भूमि को मुक्त कराया जायेगा।



## वक्फ संशोधन अधिनियम वापस लेने की मांग

**शामली।** गुरुवार को आल इंडिया अवाम-ए-हिन्द पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। उन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम को वापस लेने, धार्मिक स्थल अधिनियम 1991 को प्रभावी ढंग से लागू करने जिससे सभी धर्मो के धार्मिक स्थलों को यथास्थिति बनाए रखने, उत्तर प्रदेश के सभी नागरिकों को 300 यूनिट बिजली निशुल्क देने, थानाभवन शुगर मिल का संपूर्ण भुगतान तत्काल कराने, की मांग की।

# मन्नामाजरा फायरिंग प्रकरण के दो आरोपी दबोचे

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** दो दिन पूर्व गांव मन्नामाजरा में वर्चस्व की जंग को लेकर कैराना के दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष के प्रकरण में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने अवैध असलहा व कारतूस बरामद किया है। हालांकि दोनों गुटों के 'सरदार' अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

विगत मंगलवार को क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा में कैराना के दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था, जिसमें ग्राम मन्नामाजरा निवासी राकिब, ग्राम जहानपुरा निवासी रिजवान उर्फ चीमा व कैराना के मोहल्ला आलकलां निवासी परवेज उर्फ भाटी घायल हो गए थे। इनमें राकिब व रिजवान उर्फ चीमा के पैर में गोली लगी थी, जबकि परवेज उर्फ भाटी सिर में ईंट लगने से घायल हो गया था। ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव में दहशत व्याप्त हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की थी। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए थे। मामले में पुलिस ने दोनों गुटों के 17 नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। गुरुवार को पुलिस ने मामले में नामजद किये गए मुनव्वर निवासी ग्राम मन्नामाजरा व परवेज उर्फ भाटी निवासी मोहल्ला आलकलां को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुनव्वर के कब्जे से पुलिस ने 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है। वहीं, घटना में लिप्त आरोपी राकिब व रिजवान पुलिस हिरासत में उपचाराधीन है। हालांकि दोनों गुटों के सरदार बताए जा रहे कैराना के मोहल्ला भूरा चुंगी निवासी याहिया व मोहल्ला आलकलां निवासी जावेद उर्फ भाटी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उधर, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मन्नामाजरा में घटित हुए संघर्ष में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जाएगा।



# विवादित भूमि की जॉच को पहुॅची राजस्व टीम, जांच के बाद सौंपेगी रिपोर्ट

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**चौसाना।** ऊन तिराहे पर भूमि के टुकडे के मालिकाना हक को लेकर दो पक्षो मे चले आ रहे विवाद के बीच राजस्व टीम मौके पर पहुॅची और विवादित भूमि की पैमाईश की। राजस्व टीम का कहना है कि भूमि की फाइनल रिपोर्ट कल तक तैयार हो सकेगी। रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को सौपीं जायेगी।

चौसाना के ऊन पर स्थित भूमि पर खसरा नम्बर 298 पर गय्यूर व आमिर पक्ष खेती करते आ रहे है। जहॉ दो दुकाने बनी है। भूमि पर बनी दुकानों पर एहसान निवासी चौसाना अपना दावा करता है। वही भूमि स्वामियों का आरोप है कि हमारी सम्पत्ति है। विवाद होने के उपरांत राजस्व कानूनगो विनोद कुमार व लेखपाल लोकेश सैनी मौके पर पहुॅचें और खसरा नम्बर 298 की भूमि की पैमाईश की गई। राजस्व लेखपाल लोकेश सैनी का कहना है कि गय्यूर पक्ष की भूमि की पैमाईश की गई है,जहॉ सडक मे पीडब्ल्यूडी की भूमि भी है। जिसकी जॉच के बाद रिपोर्ट तैयार की जायेगी। अभी तक दुकान वाली भूमि गय्यूर पक्ष के रकबे मे आ रही है। सन्दर्भित विस्तृत रिपोर्ट उपजिलाधिकारी कार्यालय को सौपी जायेगी। वही उपजिलाधिकारी ऊन के आदेशानुसार भूमि पर पुलिस को निगरानी के लिये निर्देशित किया गया है। चौकी प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने दोनो पक्षो के आधा दर्जन लोगो को पुलिस चौकी पर बुलाकर चेतावनी दी है। जब तक राजस्व अधिकारी भूमि के लिये कोई निर्णय नही लेंगे,तब तक भूमि पर किसी प्रकार की छेडछाड नही होगीं।



# उधार दिए कपडों के पैसे मांगने पर दुकानदार को पीटा

**शामली।** झिंझाना क्षेत्र के जहांगीरपुर निवासी इरफान ने ऊन चौकी प्रभारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह कपडे का व्यापार करता है। उसने तीन साल पूर्व इनाम पुत्र इस्लाम को 2 लाख 40 हजार व आसिफ पुत्र नवाब को 62 हजार रुपये का कपडा उधार दिया था। कुछ दिन बाद उसने अपने पैसे मांगे तो इनाम ने उसे जल्द देने का वादा किया लेकिन कई बार पैसा मांगने के बावजूद भी उसने पैसा नहीं दिया। विगत मंगलवार की रात इनाम ने उसे फोन कर एक दुकान पर बुलाया। जब वह दुकान पर पहुंचा तो वहां पहले से ही कुछ लोग मौजूद थे, जिन्होंने उस पर लोहे की राय से हमला बोल दिया जिसमें वह घायल हो गया। शोर शराबा होने पर उसके भाई अहसान, फैजान व तसलीम भी मौके पहुंचे लेकिन आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तहरीर के आधार पर खालिद पुत्र इस्लाम, महताब व इनाम पुत्रगण इस्लाम व इमरान पुत्र मकदुमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षेप समाचार :

### हीट वेव से बचाव के लिए बनाई गई कार्ययोजना, दिए निर्देश



शामली। गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में एडीएम न्यायिक परमानंद झा ने बदल रहे मौसम के चलते हीट वेव से होने वाले नुकसान व बचाव राहत कार्य के लिए विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों को नोडल अधिकारी नामित करते हुए अपनी-अपनी कार्ययोजना बनाकर उसे शासन को उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश जारी किए गए निर्देशों में कहा है कि कि जनपद में हीट वेव (लू) से बचाव एवं राहत के लिए जन जागरूकता के लिए प्रशिक्षण का आयोजन करें, साथ ही ग्रामीण स्तर के कार्यकताओं को भी अलर्ट जारी किया जाए, सन स्ट्रोक से बचाव के लिए जन सूचना जारी कर आपातकालीन स्थिति के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती, 108-102 व अन्य आपातकालीन सेवाएं सक्रिय करना, अस्पतालों एवं हेल्प सेंटरों पर पावर सप्लाई की व्यवस्था की जाए, सभी अस्पतालों में दवाईयां की उपलब्धता, ओआरएस व तरल पदार्थो का स्टॉक रखा जाए। परिवहन विभाग को बस स्टैंडों, सार्वजनिक स्थानों पर स्वास्थ्य टीमों की तैनाती, पीने के पानी, यात्रियों को लू से बचाव के लिए उचित व्यवस्था के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पशुपालन विभाग को मवेशियों की सुरक्षा के लिए हीट वेव एक्शन प्लान तैयार करना, किसानों के बीच जागरूकता बढाना, क्षेत्रीय कर्मचारियों और गोपालों को सक्रिय करना, सार्वजनिक स्थानों पर लू से बचाव के लिए पशु प्रबंधन पर उपायों को पोस्टर के माध्यम से प्रकाशित कराने, पशुओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करना, टीकाकरण, पशु केन्द्रों पर आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता के भी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम सदर विनय प्रताप सिंह भदौरिया, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अश्वनी कुमार शर्मा, सभी एसडीएम, तहसीलदार व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### 5 अप्रैल को मनेगी महर्षि कश्यप-निषादराज जयंती

शामली। अखिल भारतीय महर्षि कश्यप विकास चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा 5 अप्रैल को महर्षि कश्यप एवं निषादराज जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान से भी बडी संख्या में समाज के लोग भाग लेंगे। समारोह को लेकर तैयारियां जोरों से की जा रही है। गुरुवार को प्रगति मार्किट स्थित कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज जयंती संरक्षक व पूर्व मंत्री किरणपाल कश्यप ने बताया कि 5 अप्रैल को माजरा रोड स्थित चौ. चरणसिंह स्मृति भवन में अखिल भारतीय महर्षि कश्यप विकास चौरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा महर्षि कश्यप एवं निषादराज जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। सुबह 9 बजे हवन का आयोजन होगा इसके बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि रमेश डोगरा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग लाल मेहरा करेंगे जबकि कार्यक्रम का उद्घाटन फतेहगढ साहिब पंजाब के चेयरमैन निर्मल सिंह कश्यप करेंगे। समारोह में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से भी बडी संख्या में समाज के पदाधिकारी भाग लेंगे।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

# 4 से 14 अप्रैल तक जिला मंडल व बूथ स्तर पर होंगे कार्यक्रम

**शामली।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय शामली पर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल व संचालन जिला महामंत्री पंकज राणा व कार्यक्रम सह संयोजक पीयूष सैनी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल कहा कि 4 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रम जिला मण्डल व बूथ स्तर पर किये जायेंगे। जिसमें मुख्य कार्यक्रम 6 अप्रैल को भाजपा का 45वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा। जिसमें प्रत्येक बूथ पर कार्यकताओं को अपने घर पर झण्डा लगाना है और घर-घर सम्पर्क करना है। 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती मनाई जायेगी जिसमें डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं स्वच्छता कार्यक्रम करना है। 8 व 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सभी सक्रिय सदस्यों का सम्मलेन होगा। जिसमें प्रदेशा स्तर से वक्ता आयेंगे और पार्टी की रीतिनिती की जानकारी कार्यकताओं तक पहुंचायेगें। 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान प्रत्येक गावं एवं वार्डो में मनाया जायेगा।

# कैराना बार भवन में भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** जनपद न्यायालय परिसर में स्थित बार भवन में बार एसोसिएशन कैराना द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कस्बे के अलावा दूर-दराज से पहुंचे मशहूर शायरों ने खूबसूरत कलाम पेश करके खूब तालियां बटोरी।

विगत बुधवार को न्यायालय परिसर में स्थित बार भवन में बार एसोसिएशन कैराना द्वारा भव्य ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जनपद न्यायाधीश विकास कुमार मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे मशहूर शायर माजिद देवबंदी, कौशर जैदी, अंसार सिद्दीकी व अलीहसन ताबिश ने बार एवं बेंच को संबोधित करते हुए अपने-अपने कलाम पेश किए। माजिद देवबंदी ने जुबान-ए- तहजीब के माध्यम से अपनी गजलों को तरन्नुम से पेश करते हुए बार एवं बेंच को भाव-विभोर कर दिया। चैत्र नवरात्रि के त्योहार के बीच बार भवन में सम्पन्न हुए ईद मिलन के कार्यक्रम ने हिन्दू-मुस्लिम एकता की शानदार नजीर पेश की। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम अवधेश कुमार पाण्डेय ने खूबसूरत काव्य पाठ कर-के उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुरेश चंद्र समेत विभिन्न न्यायालयों में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण व बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद बार एसोसिएशन कैराना के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ तथा कुशल संचालन महासचिव राजकुमार चौहान ने किया।



# कुर्क कृषि भूमि पर फसल बोने का आरोप, जांच शुरू

- मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की गई शिकायत, एसडीएम ने मामले की जांच कराकर कार्यवाही किये जाने की कही बात

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कैराना।** महिला ग्राम प्रधान एवं उसके पति पर गैंगस्टर के तहत कुर्क की गई कृषि भूमि पर फसल बोने का आरोप है। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर मामले की शिकायत की गई है। वहीं, एसडीएम ने मामले की जांच कराकर कार्यवाही किये जाने की बात कही है। कैराना पुलिस-प्रशासन द्वारा वर्ष-2021 में खादर क्षेत्र के एक प्रधानपति के विरुद्ध गैंगस्टर के तहत कार्यवाही की गई थी।

प्रशासन ने आरोपी प्रधानपति द्वारा ग्राम अकबरपुर सुनहेटी के जंगल में अर्जित की गई करीब 12 बीघा कृषि भूमि को कुर्क कर लिया था। उक्त कृषि भूमि पर प्रशासन ने कुर्क किये जाने सम्बन्धी बोर्ड स्थापित कर दिया था। कुछ दिन बाद ही आरोपी प्रधानपति ने कृषि भूमि पर लगाए गए बोर्ड को उखाड़कर फेंक दिया था। इसके बाद, आरोपी ने जालसाजी करते हुए कुर्क की गई कृषि भूमि को आर्यपुरी कैराना निवासी एक व्यक्ति को विक्रय कर दिया था, जिसके सम्बंध में आरोपी प्रधानपति के खिलाफ स्थानीय कोतवाली पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। कुर्क की गई भूमि से सम्बंधित मामला एक बार फिर चचाओं में है। आरोप है कि महिला ग्राम प्रधान एवं उसके पति द्वारा कुर्क भूमि के कुछ हिस्से पर पोपलर के पेड़ लगा दिए गए है, जबकि भूमि के ज्यादातर रकबे पर सरसों व बरसीम की फसल बोई गई है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की गई है। वहीं, एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव का कहना है कि कुर्क की गई कृषि भूमि पर किसी भी प्रकार का अधिपत्य गैर-कानूनी है। मामले कार्यवाही की जाएगी।



# थानाभवन पुलिस की कार्रवाई पर पूर्व सैनिक ने खड़े किए सवाल।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

शामली थानाभवन क्षेत्र के गांव भनेड़ा उद्दा के पूर्व सैनिक देवेन्द्र सिंह के परिवार से जुड़ा है विदित हो कि होली के दिन पूर्व फौजी देवेंद्र सिंह ने थाने पर तहरीर दी जिसमें 14 मार्च होली के दिन गांव के ही पांच लोगों ने उनके छोटे भाई परमवीर पर पुरानी रंजिश के चलते जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर दिया था जिसमें देवेन्द्र सिंह के भाई को बड़ी गंभीर चोटे आई और थानाभवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों द्वारा उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था।इस सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर धारा 115 (2), 191 (2),351 (2),352 और 109 बीएनएस जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हो गया था।वही पूर्व फौजी देवेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस की आरोपियों के साठगांठ हो गई है जिसके चलते इतनी गम्भीर धारा होने के बावजूद भी पिछले 20 दिन से आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं उनका कहना है कि एक आरोपी को 18 मार्च की शाम को सूचना के बाद पकड़ा गया था मिलीभगत के चलते देर रात्रि के अंधेरे में बिना किसी लिखा पढ़ी के छोड़ दिया। देवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने शामली पुलिस अधीक्षक और सहारनपुर डीआईजी कार्यालय को इस सम्बन्ध में अवगत कराया है और खुद की व परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्हें उच्चाधिकारियों पर पूरा भरोसा है कि न्याय मिलेगा। वहीं पीड़ित देवेंद्र सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक पर अधिकारियों को गुमराह करने का आरोप भी लगाया है उनका कहना है थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा कानून को नजरअंदाज कर कानून से बाहर जाकर आरोपियों की मदद हुई है नहीं तो यह संभव नहीं था कि जिस आरोपी को सुपुर्दगी में छोड़ा हो उसे भी इतने दिन गुजर जाने के बाद भी पकड़ा ना जा सके।

# आवंटित दुकानों से पहले अन्य लाइसेंस वितरित करने पर आक्रोश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला।** कस्बे की नवीन मंडी में पूर्व में अवंटीत दुकानों से पहले अन्य लाइसेंस वितरित किए जाने पर मंडी व्यापारियों में रोष व्याप्त है व्यापारियों ने पूरे प्रकरण की मुख्यमंत्री से शिकायत करके कार्रवाई की मांग की है उधर मंडी समिति प्रशासन का दावा है कि कुछ व्यापारियों ने यहां अतिक्रमण किया है जिसको हटा कर अन्य व्यापारियों को व्यापार करने का मौका दिया गया है है

कस्बे के कैराना बाईपास में 1999 नवीन सब्जी मंडी का कार्य प्रारंभ हुआ था उस समय सर्वप्रथम यहां पर 10 दुकानें आवंटित की गई थी उसके बाद की दुकान मंडी समिति के नियम अनुसार विधि पूर्वक बोली लगाकर छोड़ी गई थी जिसमें नियम अनुसार दुकान नंबर एक के बाद सभी ने अपना-अपना कार्य प्रारंभ किया नवीन मंडी समिति के अध्यक्ष जाहिद राज ने जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त दुकान नंबर एक से पूर्व जो मंडी समिति की जगह थी उस पर कुछ अधिकारियों ने नया लाइसेंस स्वीकृत कर कब्जा करा दिया है जो की पूर्णतया गलत है इस बात को लेकर मंडी व्यापारियों में आक्रोश है उनका कहना है कि 30 वर्षो से चले आ रहे नियम को ताक पर रखते हुए यहां गलत तरीके से लाइसेंस धारक को कब्जा कराने का प्रयास किया गया है जो पूर्णतया गलत हैं इससे शांति भंग करने का प्रयास किया जा रहा है जो पुराने लाइसेंस काफी समय से दुकानों के लिए व जगह के लिए परेशान है उन्हें न तो जगह दी जा रही है न दुकान वितरित की गई है अब कुछ समय पूर्व नया लाइसेंस देकर एक नंबर दुकान से पहले जो की मंडी तोल केंद्र की जगह हैं उस पर दुकानों के नाम पर कब्जा कराया जा रहा है जो कि नियम विरुद्ध है पूर्व में मिले लाइसेंस धारक एक नंबर दुकान के बाद अपना व्यापार कर रहे हैं मंडी प्रवेश के एकदम बाद से ही यहां पर दुकानें लगने से व्यापार व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होगी

### क्या कहते हैं अधिकारी

उधर मामले में मंडी समिति सचिव सोहन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ व्यापारियों ने अपनी दुकानों से पूर्व अवैध रूप से कब्जा किया गया है वहां से अवैध कब्जा हटाने के बाद नए लाइसेंस धारकों को जगह आवंटित की गई है

# दिल्ली के होटल व्यापारी के रूप में हुई अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान

## सोनीपत पुलिस व परिजनों ने थाने पहुंचकर की पहचान, रंजिश के चलते अपहरण कर की गई व्यक्ति की हत्या

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग स्थित ईख के खेत में मिले गोली लगे शव की पहचान दिल्ली के होटल व्यवसाय के रूप में की गई। मामले में दिल्ली पुलिस व मृतक के परिजनों ने पहचान की। परिजनों के अनुसार मृतक व्यक्ति होटल व्यवसायी था। जिसका अपहरण कर रंजीश के चलते हत्या की गई। मामले में दिल्ली पुलिस ने अपहरण का मामला भी दर्ज किया था। 27 मार्च को दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग पावर होटल के निकट स्थित किसान के खेत में गोली लगा शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। घटना के संबंध में किसान निशु उर्फ अभिनव पुत्र जयवीर निवासी मोहल्ला विकास नगर कस्बा एलम पुलिस को सूचना देते बताया कि सुबह एक अज्ञात पुरुष का शव अधजलि अवस्था में उसके ईख के खेत के कोने में में पडा मिला। घटना के संबंध में मौके पर स्थानीय पुलिस द्वारा पंचायत नामा पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। तथा घटना स्थल का फील्ड यूनिट डॉग स्क्वाड आदि के माध्यम से सूक्ष्मता पूर्वक निरीक्षण कराया गया। मृतक व्यक्ति की पहचान करने के लिए जनपद के साथ-साथ अन्य राज्यों के थानों को भी मामले की जानकारी प्रेषित की गई। जिसके चलते बीते बुधवार की रात्रि को हरियाणा के सोनीपत थाना राई गांव जखोली निवासी अमित व अनजान लोग दिल्ली पुलिस के साथ कांधला थाने पहुंचे। जहां पर उन्होंने कांधला थाना पुलिस द्वारा दिखाए गए फोटो के आधार पर मृतक की पहचान 28 वर्षीय सागर पुत्र धर्मपाल के रूप में की। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक व्यक्ति सागर पहले एक होटल पर नौकरी करता था। कुछ दिन बाद सागर ने नौकरी छोड़कर अन्य होटल को ठेके पर लेकर अपना काम शुरू कर दिया था। कुछ दिनों में मृतक सागर तीन होटल का संचालन करने लगा। जिससे मृतक के साथ पूर्व मालिक रंजिश रखने लगे। 26 मार्च की रात 11.30 बजे होटल केशोपुर मढ़ी कोतवाली तिलक नगर पश्चिमी दिल्ली के निकट से होटल व्यवसाय सागर का अपहरण कर लिया गया। 30 मार्च को घटना के संबंध में अपहृत सागर के भाई अभिषेक, शांतनु ने तिलक नगर पुलिस को तहरीर देकर अपहरण का मामला दर्ज कराया था। दिल्ली पुलिस सागर की खोजबीन कर रही थी। मृतक की पहचान होने के बाद कांधला पुलिस ने राहत की सांस ली। दिल्ली पुलिस में स्थानीय पुलिस मामले की खोजबीन में जुट गई है। थाना प्रभारी क्षितिज कुमार का कहना है कि मृतक व्यक्ति की सिंह सेंट हरियाणा के सोनीपत निवासी सागर के रूप में की गई। जिसका दिल्ली से अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में दिल्ली तिलक नगर पुलिस मामले की जांच कर रही।

### मृत युवक की अस्थियां लेने शामली पहुंचे सोनीपत निवासी परिजन

- सामाजिक संस्थाओं द्वारा किया गया था अज्ञात शव का दाह संस्कार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**शामली।** अंतिम यात्रा सेवा समूह शामली, टीम मानस अजय संगल व जयहिंद सामाजिक संस्था द्वारा लावारिस शव का अंतिम संस्कार करने के मामले में एक मृतक के परिजन गुरुवार को शामली पहुंचे तथा संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ मुक्ति धाम पहुंचकर मृतक की अस्थियां एकत्र कर अपने साथ ले गए। अंतिम यात्रा सेवा समूह शामली के पदाधिकारी निशिकांत संगल ने बताया कि 30 मार्च को उन्होंने एक अज्ञात शव का अंतिम संस्कार किया था, उक्त शव कांधला क्षेत्र के एलम चौकी से आया था। मृतक को लगभग पांच गोलियां लगी थी। गुरुवार को मृतक युवक के परिजन शामली आए तथा संस्था के पदाधिकारियों के साथ मुक्ति धाम में पहुंचकर युवक की अस्थियां एकत्र की। निशिकांत संगल ने बताया कि मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक का नाम सागर पुत्र धर्मपाल निवासी रग्गड वार्ड 12, जखौली सोनीपत हरियाणा है। सागर जिस होटल में गया था वहां की सीसीटीवी फुटेज की डीवीआर निकाली दी गयी थी, बराबर के होटल से परिजनों ने सारी फुटेज निकवायी जिससे पता चला कि सागर उक्त होटल में गया था, जहां से किसी अन्य युवक को सागर के कपडे पहनाकर वहां से भेज दिया और सागर को गोली मारने के बाद उसके शव को एलम चौकी के पास खेत में डाल दिया। कांधला पुलिस द्वारा शिनाख्त न होने पर शव को उनकी संस्था को सौंप दिया था और हमारी संस्था ने मृतक का अंतिम संस्कार 30 मार्च को कर दिया था। गुरुवार को मृतक के परिजन उसकी अस्थियां लेकर चले गए हैं। सभासद ने मांग की है हत्यारों के खिलाफ भी कडी कार्रवाई की जाए।



# अडाणी पावर प्लांट के बाहर स्थायी नौकरी की मांगों को ले रैयतों का प्रदर्शन जारी, अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं

**एनपीटी**

झारखण्ड के गोड्डा स्थित अडाणी पावर प्लांट के बाहर बीते सोमवार से ही करीब 200 से ज्यादा लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस पावर प्लांट की स्थापना के लिए प्रदर्शन कर रहे रैयतों ने अपनी जमीनें दी थीं, उसी प्लांट में इनको स्थायी नौकरी दी जाये. यूं तो यह बात महज एक लाइन की लगती है। मगर मुद्दे की गहराई में झांकने पर दरअसल, वादाखिलाफी, धोखेबाजी, विश्वासघात और चालबाजी की लंबी फेहरिस्त है। करीब 10 साल पहले अडाणी पावर प्लांट की स्थापना के लिए जमीन चिन्हित की गयी थी। स्थानीय रैयतों से कहा गया कि यहां पावर प्लांट की स्थापना के लिए आपकी जमीनें चाहिए, जमीन के बदले वाजिब मुआवजा दिया जायेगा। स्थानीय रैयतों ने कहा कि जमीन के बदले मुआवजा तो आप देंगे ही, लेकिन हमारी खेतिहर जमीन आप ले रहे हैं। हम किसान हैं तो हमारी आजीविका कैसे चलेगी। मुआवजे की राशि से पूरी जिंदगी परिवार तो नहीं पलेगा। बेहतर होगा कि आप हमें मुआवजे के साथ-साथ अपने प्लांट में ही कम से कम एक अदद नौकरी दे दीजिए। कम्पानी ने नौकरी की मांग पर हामी तो भर दी, परंतु एक शर्त रख दिया। अडाणी कम्पानी के अधिकारियों ने लोगों से कहा कि जो रैयत, जमीन के बदले मुआवजे के साथ नौकरी भी चाहते हैं, उनको हमारी एक बात माननी होगी। कम्पानी ने रैयतों को ऑफर दिया कि या तो आप जमीन का पूरा मुआवजा लीजिए और अगर नौकरी चाहिए तो मुआवजे की राशि में से 5.50 लाख रुपये छोड़ना होगा। मसलन- यदि किसी रैयत को जमीन के बदले 20 लाख रुपये मिलने हैं तो उसे 14.50 लाख रुपये ही मिलेंगे। कुल जमा बात ये है कि नौकरी के बदले कंपनी को 5.50 लाख रुपये चुकाने होंगे। रैयतों का कहना है कि हमें लगा पूरी जिंदगी नौकरी का मामला है। स्थाय ही नौकरी मिल रही है. तो उन्होंने मुआवजे की राशि में 5.50 लाख रुपये छोड़ दिए. रैयतों को मुआवजे के साथ नौकरी तो मिली लेकिन साथ ही मिला झटका। दरअसल, रैयतों को अडाणी पावर प्लांट में सीधी स्थायी नियुक्ति के बजाय इनोव नाम की आउटसोर्सिंग कंपनी में अस्थायी नौकरी दी गयी। जब रैयतों ने सवाल उठाये तो कंपनी ने कहा कि अभी आपके पास प्लांट में काम करने के लिए जरूरी स्किल और एक्सपीरियंस नहीं है। आपलोग कम से कम 2 साल तक इनोव में काम करिए. नौकरी के दौरान ही आपको ट्रेनिंग भी देंगे. आपकी इंटर्नशिप भी कराई जायेगी। जैसे ही आप ट्रेनिंग पूरी कर लेंगे। काम का एक्सपीरियंस हासिल कर लेंगे, तुरंत अडाणी पावर प्लांट में शिफ्ट कर दिया जायेगा। रैयतों ने बताया कि उन्होंने कंपनी की यह बात भी मान ली। रैयतों का आरोप है कि उनको 6 माह को जो ट्रेनिंग दी गयी वह फर्जी थी. क्योंकि, जब वे लोग ट्रेनिंग का सर्टिफिकेट लेकर अडाणी पावर प्लांट पहुंचे तो कहा गया कि इसकी वैल्यू नहीं है। रैयतों ने



एक और सनसनीखेज आरोप लगाया है. रैयतों अथवा कर्मचारियों का कहना है कि उनकी बिना सहमति लिए उनका दाखिला आईटीआई में करा दिया गया. 2 साल की जगह 3 साल का कोर्स कराया गया. उनको इंटर्नशिप भी कराई गयी लेकिन सब फर्जी। दरअसल, रैयतों का दावा है कि उन्होंने फिटर सेक्शन में इंटर्नशिप किया लेकिन सर्टिफिकेट उनको इलेक्ट्रिकल का दिया गया. इंटर्नशिप 1 साल का था लेकिन 2 साल का सर्टिफिकेट मिला। रैयतों का कहना है कि जब उन्होंने अलग-अलग वेबसाइट पर जाकर इंटर्नशिप और ट्रेनिंग कोर्स की वैधता जांची तो पता चला कि कहीं भी इसकी मान्यता नहीं है. उनको सालों तक केवल बरगलाया गया। रैयतों का कहना है कि हद तो तब हो गयी जब उनको पिछले दिनों इनोव कंपनी से ईमेल आया। ईमेल में लिखा था कि उन्हें रिद्धि नाम की एक दूसरी कंपनी में शिफ्ट किया जा रहा है. रिद्धि भी एक आउटसोर्सिंग कंपनी है. इसमें भी बड़ा झोल है. रैयतों अथवा कर्मचारियों का कहना है कि करीब 200 कामगारों ने इनोव कंपनी में जिस सेक्शन में काम किया था, रिद्धि कंपनी में उससे अलग काम उन लोगो को अलॉट किया गया है. रैयतों ने इसे धोखा बताया है। उनका साफ कहना है कि हमने जमीन अडाणी कंपनी को दी थी. नौकरी का वादा अडाणी ने किया था तो उनको पावर प्लांट की जगह कभी इनोव तो कभी रिद्धि नाम की आउटसोर्सिंग कंपनी में क्यों इनरॉल किया जा रहा है? ये तो सरासर नाइंसाफी है. ये आउटसोर्सिंग कंपनियां कब भाग जाएंगी कौन जानता है। रैयतों का ये भी कहना है कि अब, जब उन्होंने अडाणी पावर प्लांट में ही स्थायी नौकरी की मांग उठाई है तो उनसे कहा जा रहा है कि बीटेक डिग्री होगी तभी प्लांट में काम मिलेगा. रैयतों का दावा है कि जमीन का अधिग्रहण करते समय उनको ऐसे किसी भी शर्त के विषय में नहीं बताया गया था। रैयतों ने पावर प्लांट में स्थायी नौकरी की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि हमें धोखा मिला है. इनका आरोप है कि गोड्डा पावर प्लांट के वरीय अधिकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से उनको धमका रहे हैं। बीते सोमवार की देर शाम को स्टेशन हेड प्रसून चक्रवर्ती और सीओ की ढाई घंटे लंबी मीटिंग हुई। मीटिंग के बाद सीओ साहब ने हमें प्लांट के मुख्य दरवाजे से हट जाने का अल्टीमेटम दिया. रैयतों का यह भी आरोप है कि पुलिस उनके घर पर फोन करके अभिभावकों को डराती- धमकाती है. कहती है कि धरना प्रदर्शन खत्म करो वरना केस दर्ज करके जेल में डाल दिया जायेगा।विरोध प्रदर्शन कर रहे रैयतों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका दावा है कि अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन वे लोग बीडीओ को देना चाहते थे लेकिन उनका आवेदन स्वीकार नहीं किया गया। उनको लगातार ड़राया-धमकाया जा रहा है। गौरतलब है कि हालिया संपन्न विधानसभा के बजट सत्र में पोडैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने दस्तावेजों के जरिये साक्ष्यों के साथ यह कहा था कि अडाणी पावर प्लांट की स्थापना में बड़े पैमाने पर धांधली की गई। रैयतों को जमीन का सही मुआवजा नहीं मिला। नहर, गोचर और श्मशान भूमि का भी अधिग्रहण कर लिया गया। स्थानीय लोगों को प्लांट में नौकरी नहीं मिली. यहां तक कि जमीन के अधिग्रहण में संताल परगना टेनेंसी एक्ट यानी एसपीटी एक्ट का उल्लंघन भी किया गया है। विधायक प्रदीप यादव की शिकायत पर हेमंत सोरेन सरकार ने मामले की जांच के लिए उच्चस्तरीय कमिटी का गठन भी किया था। हालांकि, इस बीच अडाणी ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन गौतम अडाणी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच आत्मीय मुलाकात की तस्वीरें सामने आ गयी। अब उसी अडाणी के पावर प्लांट के बाहर जमीन गंवा चुके लोग नौकरी की मांग लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और राजधानी में उद्योगपति और राजनेता का अनुपम मेल हो रहा है। रैयतों को नौकरी मिलेगी या नहीं. रैयतों को मिलने वाले मुआवजे से करीब 5.50 लाख रुपये की कटौती भी कर ली गयी. कहा था कि नौकरी देंगे. उनको अस्थायी नौकरी मिली वह भी आउटसोर्सिंग कंपनी के जरिये अस्थायी वाली। कब खदेड़ दिए जाएंगे कोई नहीं जानता, वे प्रदर्शन के सिवा कर भी क्या सकते हैं?

# अफवाहों से बचने हेतु पाकुड़ पुलिस की आम जनता से अपील

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), हाल ही में पाकुड़ जिले में घटित बच्चा चोर और पशु चोर का अफवाह फैलने की अप्रयोजनीय वातावरण उत्पन्न करने की कोशिश अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा (शायद ) की जाने के ध्यानार्थ संवेदनशील गतिविधियों पर नकेल कसने व बेवजह अफवाहें फैलाने पर लगाम लगाने हेतु पाकुड़ पुलिस प्रशासन एक्टिव नजर आ रहे हैं। झारखण्ड पुलिस इकाई के पाकुड़ पुलिस के द्वारा बजाप्ता पंपलेट जारी करते हुए लोगों को बच्चा चोरी या पशु चोरी के गलत अफवाहों से बचने की सलाह दी गई है। साथ ही ऐसी गतिविधि उत्पन्न करने वाले व्यक्ति की पहचान या पकड़ में आने पर कानूनी प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करने की भी ताकीद पाकुड़ पुलिस के द्वारा की गई है। लिहाजा पाकुड़ पुलिस जिला वासियों से अपील करते हुए अनुरोध किया है कि ऐसी अफवाहों से बच्चे और ऐसी गतिविधि या अप्रिय घटना या इश्यू नजर आने पर डायल 112 से कॉल कर पुलिस को सूचना मुहैया कराये, ताकि पुलिस फौरी तौर पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए इन बेवजह फैल रहे इंसिडेंट जैसे अफवाहों से लोगों को बचाया जा सके। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखी जायेगी। आपको बता दे पाकुड़ पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाए हुए हैं, उल्लंघन करने वाले ग्रुप एडमिन/ लोगों के विरुद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई भी करेगी। पुलिस प्रशासन ने लोगों को भड़काने/ अप्रमाणिक जानकारी/ भ्रामक मैसेज/ तस्वीर/ वीडियो इत्यादि सोशल मीडिया ट्विटर एक्स हैंडल/ फेसबुक/ इंस्टाग्राम/ यूट्यूब/ रील्स अन्य पर पोस्ट/ अपलोड/शयर न करने की हिदायत दी है। वही प्रशासन द्वारा जारी नोटीफिकेशन के मुताबिक पाकुड़ पुलिस जिला वासियों से अपील करती है कि पिछले दो-तीन दिनों से पाकुड़ में यह अफवाह फैली हुई है कि रात्रि में बच्चा चोर/ पशु चोर गांव में आने वाले हैं। इस कारण लोग डरे हुए हैं, इससे बचने के लिए लाठी- डंडे, तीर- कमान, टॉर्च के साथ पहरा दे रहे हैं। रास्ते से गुजरने वाले किसी भी अनजान अकेले व्यक्ति को चोर समझ कर बंधक बनाकर मारपीट की जा रही है, जो बिल्कुल गैरकानूनी है। वही जारी नोटीफिकेशन सूचना में पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ का दूरभाष संख्या - 9431137400, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी(सदर), पाकुड़ - 9631510499, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी ( महेशपुर)- 8210100160 व पुलिस उपाधीक्षक ( मुख्यालय), पाकुड़ का दूरभाष संख्या- 8709116044 दर्ज है जो आमजनों के हितार्थ में समर्पित है।

# आजसू की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डलीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**एनपीटी ब्यूरो**




रांची, आजसू पार्टी की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को रांची रिंग रोड स्थित ट्रेडीशनल बैंक्वेट हॉल, तुरुप में किया गया। कार्यशाला को बतौर मुख्यातिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता गांवझगांव पहुंचे। श्री महतो ने संगठन की मजबूती और कार्यकताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी को ग्राम स्तर तक सशक्त बनाना ही संगठन की सफलता का आधार है। उन्होंने प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने प्रखण्ड एवं पंचायत में सक्रिय कार्यकताओं की एक मजबूत टीम तैयार करे, जो न केवल पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाए, बल्कि याद दिलाया कि पूर्व में जनता ने जो जनादेश दिया है, उसे पूरी निष्ठा और इमानदारी के साथ निभाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता जनता की आवाज बने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठित रूप से कार्य करे।

कार्यशाला को मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखण्ड आन्दोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, उपाध्यक्ष राजेंद्र मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती निर्मला भगत, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, दीपक महतो, संजय मेहता, राजेंद्र शाही मुंडा, जिलाध्यक्ष संजय महतो, डॉ पार्थ परितोष, प्रत्यूष प्रशांत समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। उक्त कार्यशाला पार्टी के संगठन को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। उक्त कार्यशाला में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सभी केन्द्रीय पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड प्रभारी, पार्टी जिलाध्यक्ष, महिला जिलाध्यक्ष, युवा जिलाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख समेत जिला के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ड्राई जोन में लोगो को टैंकर से पानी उपलब्ध कराने का दिया निर्देश



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते गुरुवार को घाघरजानी स्थित हिरणपुर प्रखण्ड कार्यालय सभागार में जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू की अध्यक्षता में 15 वें वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की। समीक्षा के क्रम में जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने पंचायत समिति मद के अब तक मात्र 38 प्रतिशत व्यय को लेकर बीडीओ को निर्देश दिया कि राशि की व्यय जल्द से जल्द शत- प्रतिशत की जाय। वहीं पेयजल की समीक्षा के क्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई कि हिरणपुर प्रखण्ड में 46 जलमीनारो में से 26 जलमीनार खराब है। वही 230 चापानल जर्जर अवस्था में है। हिरणपुर प्रखण्ड के केंदुआ, डांगापाड़ा, बाबूपुर पंचायत अन्तर्गत दर्जनों गांव ड्राई जोन में रहने के कारण इन सब गांवों में पेयजल की समस्या है। सम्बन्धित पंचायत के द्वारा चापानल मरम्मती का कार्य तीव्र गति से की जा रही है। वही जलमीनारो की भी मरम्मती की जा रही है। जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पाकुड़ से समन्वय स्थापित कर सभी चापानल एवं जलमीनार को ठीक करवाएं। ड्राई जोन में पेयजल को लेकर टैंकर की व्यवस्था अविलम्ब की जाय। चापानल मरम्मती कार्य पंचायत समिति मद से भी किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत कार्यालय में मनरेगा, राशनकार्ड बनाना, अपडेट आदि कार्यो को प्रतिदिन किया जाय। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को देना सुनिश्चित करे। इसके अलावे जिला पंचायत राज पदाधिकारी के द्वारा डांगापाड़ा पंचायत के ग्राम दराजमठ में हैंड वाश यूनिट एवं डांगापाड़ा पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भस्मक, सेग्रीगेशन बिन एवं ज्ञान केन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर हिरणपुर प्रखण्ड प्रमुख रानी सोरेन, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टुडु दिलीप, उप प्रमुख अब्दुल गनी, प्रखंड सांख्यकी पदाधिकारी संजीव कुमार सिन्हा, सहायक अभियंता रंजीत हेम्ब्रम, कनीय अभियंता परवेश भारती, प्रखंड समन्वयक अभिषेक गौड़ सहित सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

# गेहूं के खेत में आग लगने से लाखों कि आनाज जल कर राख



**एनपीटी ब्यूरो**

साहेबगंज जिले के बरहरवा प्रखण्ड क्षेत्रान्तर्ग पथरिया पंचायत के निशचितपुर में अचानक गेहूँ के खेत में आग लग जाने से करीब लाखों की गेहूं जल कर राख हो गया। जिससे लेकर किसानों के चेहरे पर मायूसी जगजाहिर है। बताते चलें कि बरहरवा प्रखण्ड क्षेत्रान्तर्ग निश्चिंतपुर गांव के कैलास साह, पावन कुमार, फनी भुषण व होनी सिंग के करीब 10 बिघा जमीन में लगे गेहूं की खेत पर अचानक आग जाने से सारा फसल जल कर राख हो गया। महीनों भर के मेहनत पर पानी फेर गया। गेहूँ का फसल पक चुका था, कटने का तैयारी में था। इस तपती धूप में पेछमा हवा के झोका था, अचानक आग लगना , किसान का कमर तोड़ने के बराबर है। इस एरिया में किसान का एक ही सोरत था, फसल से ही परिवार चलता था, किसान मायुस है। उनका कहना है कि हमारा भारी नुकसान हो गया है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि, स्थानीय लोगों का मानना है कि आग किसी चिंगारी या जलती हुई सिगरेट के कारण लगी होगी। आग लगने की घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उनकी मेहनत और फसल दोनों ही नष्ट हो गये। किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। हम सब गरिबों का साल भर का आनाज बर्बाद हो गया।

# डीसी ने की प्रोजेक्ट समावेश, नीलाम पत्रवाद और जन्म - मृत्युनिबंधन प्रमाण पत्र की समीक्षा

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ (झा०खं०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रोजेक्ट समावेश, नीलाम पत्रवाद और जन्म, मृत्यु निबंधन प्रमाण पत्र की समीक्षा की गई। बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि प्रोजेक्ट समावेश के तहत डाले गए सभी आवेदनों को ऑनलाइन करने एवं इसकी नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावे उपायुक्त ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की समीक्षा के क्रम में कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर मृत्यु या जन्म प्रमाण पत्र के लिए आवेदन देता है तो उसे तत्काल प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरतनी है। वही उपायुक्त ने नीलाम पत्र वादों की समीक्षा की।बैठक के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों से संबंधित लंबित मामलो के निष्पादन में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारियों को नीलाम पत्र वादों की सुनवाई को अपने रूटीन कार्यों में शामिल करने का निर्देश दिया। वीसी के माध्यम से सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी जुड़े हुए थे।

# भाजपा के पाकुड़ इकाई ने की बैठक, दिलीप वर्मा एवं दुर्गा मरांडी हुए शामिल

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), भाजपा के पाकुड़ जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री सह- जिला चुनाव अधिकारी दिलीप वर्मा एवं प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी उपस्थित हुए। बैठक में सदस्यता अभियान एवं सांगठनिक विषय पर समीक्षा की गई। जिला चुनाव अधिकारी दिलीप वर्मा ने कहा कि भाजपा न केवल दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, बल्कि सबसे लोकतांत्रिक पार्टी भी है। कोई भी अन्य पार्टी भाजपा की तरह इतनी पारदर्शिता और इमानदारी से अपना सदस्यता अभियान नहीं चलाती है। भाजपा दुनिया की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया है कि भले ही हम बड़े सपने देखें, लेकिन लोगों से किए गये हैं, हमारे वादे हमेशा इस बात के अनुरूप होने चाहिए कि हम क्या करने में सक्षम हैं। हमें अपने वादों को कार्यों में बदलने में सक्षम होना चाहिए। यही कारण है कि भाजपा दुनिया की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी के रूप में उभर कर सामने आती है। हम सरकार बनाने के लिए राजनीति नहीं करते, बल्कि सशक्त समाज बनाने के लिए करते हैं। पूरे देश में लोग उत्साहित हैं और भाजपा पहले से ही दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने कहा कि पाकुड़ जिले में लोग उत्साहित हैं। यह अपनी तरह का अनूठा सदस्यता अभियान है। भाजपा पहले से ही दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। आने वाले दिनों में हमारी पार्टी की सदस्यता और बढ़ेगी और हम पीएम मोदी के विकास कार्यों को पूरे देश में आगे बढ़ाएंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्रहित प्रसाद साह, जिला चुनाव सह अधिकारी कामेश्वर दास, जिला चुनाव सह अधिकारी मीरा प्रवीण सिंह, जिला महामंत्री रूपेश भगत, जिला महामंत्री सरिता मुर्मू,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र शेखर सिंह, अजजा मोर्चा प्रदेश मंत्री अनिता मुर्मू, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सम्पा साहा, अजजा

# समाजवादी प्रतिनिधि मंडल उक्त घटना को लेकर डी .सी. पी गाजियाबाद व ए.सी.पी कविनगर स्वतंत्र प्रताप सिंह से मिलकर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की

## समाजवादी पार्टी कार्यालय प्रभारी राहुल रावत के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने की गाली गलौज

**नेशनल प्रेस टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समय करीब 11:30 सुबह बजे प्रार्थी राहुल रावत पुत्र स्व लक्ष्मण सिंह रावत कार्यलय पता-4 आर डी सी जिला गाजियाबाद पर पार्थी मौजूद था तभी अचानक से सौर आया तो प्रार्थी राहुल ने कार्यलय के बहार जाके देखा तो करीब 15-20 भाजपा के कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी कार्यलय के बहार नारेबाजी करते हुए एक दम से पुतला फुकने लगे जिसमें प्रार्थी राहुल ने बताया की जो पुतला फूंक रहे थे 1 सुमित चौहान (पूर्व मंडल सचिव भाजपा) 2. अनुज राघव (पूर्व उपाध्यक्ष मंडल भाजपा) 3. अंकित चौहान (कार्यकर्ता भाजपा) 4. रजनीश चौधरी (कार्यकर्ता भाजपा) 4.



तनिष्क शिशौदिया (नेता भाजपा) 5. रमेश कुमार (कार्यकर्ता भाजपा) व उनके साथ अज्ञात लोग पुतला फुकने के बाद पार्टी के कार्यलय में जबरदस्ती घुस आए जिसका विरोध कार्यालय प्रभारी राहुल रावत द्वारा किया गया जिसके विरुद्ध मे प्रार्थी के साथ गाली गौलोच पर उतार आए और



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रिय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अप शब्दों से अपमानित किया गया जिसके विरुद्ध में कार्यालय प्रभारी राहुल रावत द्वारा इन सभी लोगो को गाली व अता कि भाषा का प्रयोग करने से रोका गया तो इस सब लोगो ने कार्यालय प्रभारी राहुल रावत के साथ धक्का-मुक्की की गई और भाजपा कार्यकताओं ने जोर-जोर से नारेबाजी करते हुए कहने लगे कि हमारी सरकार है यहाँ हमारी चलेगी तथा हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। संवाददाता ने थाना कवि नगर रल्ड से बात की तो उन्होंने कहा कि जांच चल रही है जो भी जांच में पाया जाएगा उसे पर कारवाई की जाएगी।

# भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका और सपा कार्यालय प्रभारी राहुल रावत से की गाली ग्लोच

**नेशनल प्रेस टाइम्स संवाददाता**





**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी गाजियाबाद जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवम महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला फूंका और सपा कार्यालय प्रभारी राहुल रावत से गाली ग्लोच अभद्रता करने और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया। इस सम्बन्ध में दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने व कार्यवाही की मांग के लिए जिलाधिकारी गाजियाबाद को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा । साथ ही समाजवादी प्रतिनिधि मंडल उक्त घटना को लेकर डी .सी. पी गाजियाबाद व ए.सी.पी कविनगर स्वतंत्र प्रताप सिंह से मिलकर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की । साथ ही थाना कविनगर में दोषियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की मांग की । प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट जिला महासचिव नितिन त्यागी महानगर महासचिव राजन कश्यप प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग सिकंदर यादव पूर्व मेरे प्रत्याशी संतोष यादव ब्लाक प्रमुख मधु चौधरी प्रदेश महासचिव महिला सभा वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव अमन यादव राष्ट्रीय महासचिव युवजन सभा श्रवण कुमार त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव पूर्व जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड अनीस अली ब्रिगेड जिला अध्यक्ष इरफान अमानत चौधरी यूथ ब्रिगेड महानगर अध्यक्ष रविंद्र यादव युवजन सभा महानगर अध्यक्ष ठाकुर विक्की सिंह असलम कुरैशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी अंशु ठाकुर जिला अध्यक्ष छात्र सभा दिनेश गुर्जर लोनी विधानसभा अध्यक्ष राहुल पंडित प्रदेश सचिव यूथ ब्रिगेड व्यापार सभा जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी आकाश अग्रवाल मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष जगमोहन टैंक सतीश पर्चा जिला अध्यक्ष बाबा साहब वाणी फिरोज चौधरी जिला अध्यक्ष मजदूर सभा कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव सोनू सैनी महानगर सचिव आदिल चौधरी मोहम्मद शमशाद साकिर हुसैन प्रदेश सचिव युवा जनसभा भारत यादव जिला सचिव खालिद बुखारी जिला सचिव शाहनवाज खान राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी आदिल लाल विक्रम सिंह जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ रविंद्र यादव महानगर युवजन सभा उपाध्यक्ष रिजवान चौधरी जितेंद्र जाटव हसीन चौधरी शब्बीर मलिक पूर्व पार्षद जुनैद चौधरी।

# इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार ने धूमधाम से मनाया दीक्षांत समारोह



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल प्रताप विहार ने अपनी फाउंडेशन कक्षाओं (कक्षा दो ) के लिए दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम नेहरू नगर में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन तथा नन्हे -मुन्नों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति के साथ हुआ। मुख्य अतिथि जाने -माने काल्पनिक पट कथा लेखक, निमार्ता, निर्देशक तथा डॉक्यूमेंट्री फिल्म निमार्ता, कवि, कहानी संग्रह (कश्मीरी) के लेखक सैयद दिलबर, विशिष्ट अतिथि विश्व प्रसिद्ध भविष्यवक्ता श्रुति द्विवेदी, प्रधानाचार्य इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल इंदिरापुरम आशीष मित्तल, एवं गुरिंदर सिंह, विद्यालय सचिव प्रियंक जोशी, विद्यालय उप सचिव अमित सिन्हा, विद्यालय निदेशक पंकज जोशी का विद्यालय प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय, उप प्रधानाचार्या कल्पना सीजो, वरिष्ठ अध्यापिका श्रद्धा सिंह, फाऊंडेशनल इंचार्ज रेखा बिष्ट तथा फाऊंडेशनल कोऑर्डिनेटर बिंदिया चड्ढा आदि पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य मधुकर प्रिय ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के आगमन के प्रति अपना आभार प्रकट कर विद्यालय उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। कक्षा दो के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय से जुड़े अनुभव साझा किए। कार्यक्रम की विषय- वस्तु बीसवीं सदी के दूरदर्शन के मुख्य कार्यक्रम चित्रहार पर आधारित रहा। विद्यार्थियों ने नृत्य एवं अभिनय के माध्यम से उन गानों की हू-ब-हू नकल कर तथा बीच में आने वाले विज्ञापनों को भी अपने अभिनय के माध्यम से दशार्या।? इस चित्रहार? के बीच-बीच में ही कक्षा दो के सभी विभागों ए, बी, सी, डी एवं ई के सभी विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। दीक्षांत की पोशाक में सजे नन्हें मुन्नों ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि सैयद दिलबर ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए अभिभावकों को बच्चों को अपनी मातृभाषा सिखाने का मशवरा दिया।

वहीं विद्यालय निदेशक प्रियंक जोशी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए विकास के लिए सदैव सहयोग देते रहने की बात कही। कार्यक्रम एक्टिविटी इंचार्ज पारुल गौर के दिशा निर्देश संपन्न हुआ। फाउंडेशनल इंचार्ज रेखा बिष्ट ने सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अमरोहा में वारदातः रालोद के जिलाध्यक्ष के पेट्रोल पंप के सेल्समैन से लूट, दो बदमाश गिरफ्तार, 82 हजार बरामद



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नौगांवा सादात में रालोद जिलाध्यक्ष के पेट्रोल पंप पर बदमाशों ने सेल्समैन से पांच हजार रुपये लूट लिए। पंप कर्मियों ने पीछा कर दोनों आरोपियों को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

रालोद के जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री मनवीर सिंह चिकारा के पेट्रोल पंप पर तैनात सेल्समैन से बाइक सवार दो बदमाशों ने पांच हजार रुपये लूट लिए। पंप के स्टाफ ने भाग रहे दोनों बदमाशों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। तलाशी में दोनों से 82 हजार रुपये बरामद हुए। दोनों ने कुछ दिन पहले चोरी की दो घटनाओं को अंजाम दिया था

पुलिस ने दोनों बदमाशों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। नौगांवा सादात क्षेत्र के कैलबकरी नि.वासी रालोद के जिलाध्यक्ष मनवीर सिंह चिकारा का लकड़हैट में चिकारा फ्यूल प्वाइंट के नाम से पेट्रोल पंप है। उनके पंप पर मुरादाबाद के कांठ क्षेत्र के जमानिया आजम निवासी बबलू सिंह उर्फ ईश्वर दयाल सिंह सेल्समैन है बुधवार शाम करीब आठ बजे बबलू साथी अमरजीत व नीटू के साथ वाहनों में तेल डाल रहे थे। इस बीच बिना नंबर की बाइक पर सवार दो युवक पहुंचे और बाइक में 50 रुपये का तेल डलवाया। बबलू कुछ समझ पाता इससे पहले दोनों आरोपी बबलू सिंह से पांच हजार रुपये छीनकर भागने लगे

बबलू के शोर मचाने पर पंप पर मौजूद अन्य सेल्समैन ने दोनों बाइक सवारों को पकड़ लिया। सूचना पर नौगांवा सादात पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम दानिश व फरमान बताए। दोनों मुरादाबाद जिले के कांठ क्षेत्र के पैगंबरपुर निवासी है। तलाशी में दोनों के कब्जे से 82 हजार रुपये बरामद हुए

# बीआईएस लाइसेंस के बिना सीपीवीसी पाइप पर बीआईएस मानक चिह्न का दुरुपयोग करने के मामले में कार्रवाई



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

अलीगढ। 03 अप्रैल 2025 को, बीआईएस (भारतीय मानक ब्यूरो) द्वारा एक तलाशी और जब्ती अभियान चलाया गया, जो म.स. कोनार्क पॉलिट्यूब प्राइवेट लिमिटेड, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में किया गया। यह कंपनी क्र 4985, क्र 13592, क्र 12701, क्र 17425 जैसे विभिन्न मानकों के तहत बीआईएस लाइसेंस की धारक है। यह अभियान 25 मार्च 2025 को की गई एक गुप्त निरीक्षण के आधार पर किया गया था।

तलाशी और जब्ती के दौरान, कंपनी को क्र 15778 मानक के तहत सीपीवीसी पाइप्स पर बीआईएस मानक चिह्न का दुरुपयोग करते हुए पाया गया, जो कि बिना वैध बीआईएस लाइसेंस के एक प्रिंटिंग मशीन के माध्यम से किया जा रहा था। लगभग 10,000 सीपीवीसी पाइप्स, एक प्रिंटिंग मशीन, और अन्य सामग्री, जिसका कुल मूल्य लगभग 15 लाख रुपये था, को जब्त कर लिया गया है। यह पूरी गतिविधि बीआईएस एक्ट 2016 का उल्लंघन करती है।

म.स. कोनार्क पॉलिट्यूब प्राइवेट लिमिटेड, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश पर आरोप है कि वह बिना वैध बीआईएस लाइसेंस के क्र 15778 के तहत सीपीवीसी पाइप का उत्पादन और भंडारण कर रही थी।इस अभियान का नेतृत्व श्री विक्रांत, प्रमुख नोएडा शाखा कार्यालय, बीआईएस के निर्देशन में किया गया, और इसमें श्री हर्षित कुमार जैन, उपनिदेशक; श्री विष्णु दयाल जाट, उपनिदेशक; श्री मोहित कुमार, एसएसए; श्री दीपक कुमार, एमटीएस; और श्री सौरभ भाटी, डीईओ ने बीआईएस नोएडा शाखा से और स्थानीय अलीगढ़ पुलिस स्टेशन के कर्मचारियों के साथ मिलकर सहयोग किया।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने नगर निगम के स्कूल की मान्यता के लिए नगर आयुक्त से की मुलाकात

## 9 साल से बिना मान्यता के चल रहे नगम निगम विद्यालय की 250 छात्राओं का भविष्य अंधकार में

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने एक ऐसा खुलसा किया है जो चौका देने वाला है मामला है भोपुरा के कुटी गांव का जहा नगर निगम द्वारा वर्ष 2016 से शहीद विजय सिंह पथिक नगर निगम बालिका विद्यालय संचालित किया जा रहा है इस विद्यालय में कक्षा एक से दस तक लभभग 250 छात्राएं शिक्षा ले रही है लेकिन मजे की बात देखिए कि स्कूल की मान्यता एक भी कक्षा की नहीं है इससे पहले हमने ये तो सुना था कि प्राइवेट स्कूल बिना मान्यता के चल रहे है लेकिन ये ऐसा पहला वाक्या है कि अपनी सरकार होते हुए भी नगर निगम का खुद का ही विद्यालय पिछले 9 साल से बिना मान्यता के संचालित किया जा रहा है गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और सचिव अनिल सिंह ने बताया कि अभिभावकों की शिकायत का संज्ञान लेकर जब हमने स्कूल का दौरा किया तो पाया कि जहा स्कूल की बिल्डिंग , क्लास रूम , प्ले ग्राउंड , लेब, म्यूजिक रूम सभी बेहद उच्चस्तरीय है वहीं स्कूल की प्रधानाचार्य और शिक्षिकाएं पूरी मेहनत से बच्चो को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए दृढ़संकल्पित है लेकिन इस दौरान जब अभिभावकों और छात्राओं से वार्ता की गई तो ज्ञात हुआ कि स्कूल की किसी भी कक्षा की मान्यता ही नहीं है और यह



स्कूल नगर निगम के किसी अन्य स्कूल से अटैच कर संचालित किया जा रहा है स्कूल की मान्यता नहीं होने के कारण कक्षा 9 और 10 की बोर्ड परीक्षा भी नगर निगम के किसी अन्य विद्यालय से दिलाई गई लेकिन इस बार नए शिक्षा सत्र से कक्षा 9 और 10 की छात्राओं को दाखिला लेने से मना कर दिया गया ।जिसके कारण अभिभावक और छात्राएं मानसिक रूप से परेशान है क्योंकि ये सभी अभिभावक गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर और दैनिक कार्य कर अपना जीवन यापन करने वाले है जो अपनी बेटियों को शिक्षा दिलाकर आगे बढ़ाना चाहते है विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राएं खेलकूद , पढ़ाई और म्यूजिक सहित अन्य सभी क्षेत्र में बेहद प्रतिभाशाली हैं बावजूद इसके पिछले 9 साल से बिना मान्यता के स्कूल से छात्राओं को शिक्षा देना अचंभित करने वाला हैं आज गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन 250 छात्राओं की शिक्षा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए नगर आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और अनुरोध किया कि स्कूल की मान्यता संबधी व्यवधानों को निस्तारण कर अतिशीघ्र विद्यालय को मान्यता दिलाई जाए और मान्यता मिलने तक कक्षा 9 एवं 10 के दाखिले तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जाए । जिससे की कोई भी आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब छात्रा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रह सके । मुलाकात के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में है और हमने शासन को स्कूल की मान्यता के लिए पत्र भेजा हुआ है जल्दी ही हम स्कूल को मान्यता दिलाने की प्रक्रिया पूर्ण कर लेंगे । लेकिन सवाल बड़ा है कि आखिर पिछले 9 साल से नगर निगम के अधिकारी कहा सोए हुए थे जो स्कूल की मान्यता की शर्त पूरी नहीं कर पाए ।इस मौके पर राजू सैफी, अनुभव गुप्ता , नरेश कुमार , महिपाल रावत , नवीन राठौर , डॉ राजीव शर्मा,कौशलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

स्वामी॰ प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।